

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## पेश हुआ Modi 3.0 का पहला बजट



अंतरिम बजट 2024-25

₹32.07 लाख करोड़ कुल प्राप्तियां | ₹48.21 लाख करोड़ कुल व्यय | ₹25.83 लाख करोड़ सकल कर प्राप्ति | 4.9 फीसद रहेगा राजकोषीय घाटा

"25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इस बजट से शिक्षा और स्किल को नई स्केल मिलेगी। यह मिडिल क्लास को नई ताकत देने वाली बजट है। बजट में मैनुफैक्चिंग पर भी बल दिया गया है और इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी बल दिया गया है। हमें हर गांव और हर घर को एंटरप्रेन्योर बनाना है। आज का बजट भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में कैटेलिस्ट का काम करेगा। विकसित भारत बनाने की दिशा में ठोस नींव रखेगा।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बजट का फोकस

1 घंटे 23 मिनट के भाषण में वित मंत्री का फोकस शिक्षा, रोजगार, किसान, महिला और युवाओं पर रहा। इसके अलावा नीतीश कुमार के बिहार और चंद्रबाबू नायडू के आंध्र प्रदेश पर केंद्र सरकार मेहरबान रही।

### क्या सस्ता, क्या महंगा

कैंसर दवा, सोना-चांदी, प्लेटिनम, मोबाइल फोन, मोबाइल चार्जर, बिजली के तार, एक्सरे मशीन, सोलर सेट्स, लेदर और सीफूडस सस्ते हुए हैं। मोबाइल और चार्जर पर कस्टम ड्यूटी घटकर 15% हुई। सोना और चांदी के गहनों पर कस्टम्स ड्यूटी घटकर 6% हुई। टेलिकॉम के सामान 15% और प्लास्टिक प्रोडक्ट 25% महंगे हो गए हैं।

### बिहार- आंध्र प्रदेश पर मेहरबान

बिहार को 58.9 हजार करोड़ रुपए और आंध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ की मदद। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल,ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए विशेष स्कीम। बिहार में विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर और महाबोधि मंदिर कॉरिडोर बनेगा। नालंदा विश्वविद्यालय को पर्यटन केंद्र बनाएंगे।

### पहली नौकरी वालों के लिए

1 लाख रुपए से कम सैलेरी होने पर, EPFO में पहली बार रजिस्टर करने वाले लोगों को 15 हजार रुपए की मदद तीन किश्तों में मिलेगी।

## किसान

- किसानों और कृषि क्षेत्र के 1.52 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान
- किसानों के लिए बजट 21.6% यानी 25 हजार करोड़ रुपए बढ़ाया।
- 32 फसलों की 109 नई किस्में लाएंगे, 19 किस्में उच्च पैदावार वाली।
- सरसों, मूंगफली, सनफ्लॉवर और सोयाबीन जैसी फसलों पर फोकस।
- 400 जिलों में फसलों का डिजिटल सर्वे किया जाएगा।
- एक साल में नेचुरल फॉर्मिंग से एक करोड़ किसान जुड़ेंगे
- 6 करोड़ किसानों की जानकारी लैंड रजिस्ट्री पर लाई जाएगी।
- 5 राज्यों में नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे।
- मिनिमम सपोर्ट प्राइस यानी, MSP को लेकर बजट में कोई घोषणा नहीं।
- आदिवासी बहुल 63,000 गांवों के लिए PM जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान योजना।

## शिक्षा

शिक्षा के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। यह पिछले बजट से 32% ज्यादा है।

### स्किल ट्रेनिंग से जुड़ी 5 स्कीम्स

बजट भाषण में वित्त मंत्री ने नौकरियों और स्किल ट्रेनिंग से जुड़ी 5 स्कीम्स का ऐलान किया है। 1 करोड़ युवाओं को 5 साल में स्किल्ड किया जाएगा।

### 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप

सरकार 500 टॉप कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप देगी। इंटर्नशिप के दौरान 5 हजार रुपए हर महीने का स्टाइपेंड मिलेगा।

### एजुकेशन लोन पर 3% ब्याज

हायर एजुकेशन के लिए 10 लाख तक का लोन जिन स्टूडेंट्स को सरकारी योजनाओं के तहत कोई फायदा नहीं मिल रहा है, उन्हें देशभर के संस्थानों में एडमिशन के लिए 10 लाख तक के लोन में सरकारी मदद मिलेगी। सालाना लोन पर ब्याज का 3% पैसा सरकार देगी। इसके लिए ई-वाउचर्स लाए जाएंगे, जो हर साल 1 लाख स्टूडेंट्स को मिलेंगे।

## महिलाओं-लड़कियों के लिए

महिलाओं और लड़कियों के लिए लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान।

## सोलर एनर्जी को बढ़ावा कें लिए

सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 1 करोड़ घरों को 300 यूनिट तक हर महीने बिजली फ्री।



▸▸ मोबाइल फोन और सोना-चांदी सस्ते होंगे

▸▸ नई टैक्स रिजीम में 7.75 लाख रुपए तक की इनकम टैक्स फ्री

थैंक्स गिविंग बजट

# न आह न वाह

### हेल्थ

- कैंसर का इलाज सस्ता होगा। महत्वपूर्ण उपकरणों और दवाओं पर कस्टम ड्यूटी घटाई गई।
- मेडिकल एक्सरे ट्यूब, फ्लैट पैनल डिटेक्टर में भी सीमा शुल्क घटाया जाएगा।

### रक्षा बजट

- डिफेंस के लिए 4.54 लाख करोड़ रुपए का बजट अलोकेट किया है। यह फरवरी में अंतरिम बजट में मिले 6.21 लाख करोड़ रुपए से 1.67 लाख करोड़ रुपए कम है।
- 1.72 लाख करोड़ रुपए- कैपिटल एक्विजिशन के लिए है। यह डिफेंस बजट का 28% है। वहीं 92,088 करोड़ रुपए- आर्म्ड फोर्स के रेवेन्यू एक्सपेंडिचर के लिए।

डिजायनर : सतीश शर्मा
कंटेंट : अमित बृज

## टैक्स स्लैब




### टैक्सपेयर्स को 17,500 रुपए तक का फायदा

इनकम टैक्स स्लैब और स्टैंडर्ड डिडक्शन में बदलाव के बाद टैक्सपेयर्स को 17,500 रुपए तक का फायदा होगा। पहले सैलरी से होने वाली 15.75 लाख की इनकम पर 1 लाख 57 हजार 500 रुपए टैक्स बनता था। अब इन बदलाव के बाद 1 लाख 40 हजार रुपए टैक्स बनेगा।

### न्यू टैक्स रिजीम में राहत

बजट में इनकम टैक्स को लेकर राहत दी गई है। न्यू टैक्स रिजीम के तहत अब 3 लाख से 7 लाख रुपए की आय पर 5% के हिसाब से टैक्स देना होगा। पहले ये 6 लाख तक था। न्यू टैक्स रिजीम के अन्य स्लैब में भी बदलाव किया गया है। इसके अलावा स्टैंडर्ड डिडक्शन को भी 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार रुपए कर दिया है। इन दोनों बदलावों से टैक्सपेयर्स को 17,500 रुपए तक का फायदा होगा। हालांकि पुराने टैक्स रिजीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### न्यू टैक्स रिजीम में क्या खास

- इसमें किसी तरह की छूट नहीं मिलती है।
- 7 लाख रुपए तक की इनकम को जीरो टैक्स करा सकते हैं।
- आप किसी स्कीम में इन्वेस्ट नहीं करते हैं, तो न्यू टैक्स रिजीम चुनना चाहिए।

केन्द्रीय बजट 2024-25 | वित्त मंत्रालय MINISTRY OF FINANCE

## कैसे खर्च होगा केंद्र सरकार का पैसा

2024-25 के लिए बजट अनुमान, ₹ करोड़ में

कुल: 48,20,512

| | | | |
|---|---|---|---|
| ब्याज | 11,62,940 | | |
| परिवहन | 5,44,128 | स्वास्थ्य | 89,287 |
| रक्षा | 454,773 | वित्त | 86,339 |
| प्रमुख सब्सिडी | 3,81,175 | शहरी विकास | 82,577 |
| राज्यों को अंतरण | 3,22,787 | ऊर्जा | 68,769 |
| ग्रामीण विकास | 2,65,808 | संघ राज्य क्षेत्र | 68,660 |
| पेंशन | 2,43,296 | सामाजिक कल्याण | 56,501 |
| कर प्रशासन | 2,03,530 | वाणिज्य और उद्योग | 47,559 |
| कृषि और संबद्ध कार्यकलाप | 1,51,851 | वैज्ञानिक विभाग | 32,736 |
| गृह | 1,50,983 | विदेश मामले | 22,155 |
| शिक्षा | 1,25,638 | योजना एवं सांख्यिकी | 6,291 |
| आईटी और दूरसंचार | 1,16,342 | पूर्वोत्तर का विकास | 5,900 |
| | | अन्य | 1,44,477 |

## रियल एस्टेट

- देश में बुनियादी ढांचे के लिए 11 लाख करोड़ रुपए। GDP का 3.4% खर्च होगा।
- 25,000 ग्रामीण बस्तियों के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज- 4 शुरू होगी।
- राज्यों को इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने दीर्घकालिक ब्याज मुक्त ऋण के लिए 1.5 लाख करोड़।
- 30 लाख+ आबादी वाले 14 बड़े शहरों में ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट योजनाएं।
- 1 करोड़ शहरी गरीब और मिडिल क्लास के लिए पीएम आवास योजना शहरी 2.0 योजना।
- चुनिंदा शहरों में 100 साप्ताहिक हाट और स्ट्रीट फूड हब बनेंगे।
- बिहार, झारखंड, बंगाल, ओडिशा और आंध्र के विकास के लिए पूर्वोदय स्कीम।
- 100 शहरों में या आसपास निवेश के लिए तैयार प्लग एंड प्ले इंडस्ट्रियल पार्क बनेंगे।
- राष्ट्रीय इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकास
- कार्यक्रम के तहत 12 औद्योगिक पार्क स्वीकृत।
- बिहार की सड़क-संपर्क परियोजनाओं के लिए 26 हजार करोड़ रुपए।
- पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे, बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे का विकास होगा।
- बोधगया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा के लिए सड़क-सम्पर्क विकसित होगा।




## व्यापारी

- 20 तरह के खनिज, आयातित सोना-चांदी सस्ते होंगे, कस्टम ड्यूटी घटाई गई।
- मोबाइल फोन सस्ते होंगे। फोन और चार्जर पर ड्यूटी घटाकर 15% की गई।
- एक्सपोर्ट के लिए बनने वाले लेदर गुड्स को जीएसटी से छूट।
- सोना और चांदी के गहनों पर कस्टम्स ड्यूटी घटाकर 6% की गई।
- प्लेटिनम पर 6.4 फीसदी सीमा शुल्क घटाया जाएगा।
- ई-कॉमर्स ऑपरेटर्स के लिए TDS 1% घटाकर 0.1 फीसदी किया गया
- देश में 12 नए इंडस्ट्रियल हब बनेंगे।
- MSME के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम का दायरा बढ़ेगा।
- मुद्रा लोन की रकम 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपए।
- सिडबी की नई ब्रांच खोली जाएंगी। 4 ब्रांच इसी साल खुलेंगी।
- 50 मल्टी प्रोडक्ट फूड यूनिट सेटअप के लिए फंड दिया जाएगा।
- फूड सेफ्टी लैब खोलने के लिए MSME को मदद दी जाएगी।
- ई कॉमर्स एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए प्राइवेट सेक्टर के साथ स्कीम।
- इंटर्नशिप के लिए 500 टॉप कंपनियों में 5 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप।
- CSR के तहत युवाओं की इंटर्नशिप का 10% खर्च कंपनियां वहन करेंगी।
- स्टार्टअप पर लगने वाला एंजेल टैक्स खत्म किया गया।

अंदर पढ़ें
पेज-3
पेज-8



## तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला आम बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए नौ सूत्रीय योजनाओं का भी एलान किया। मोदी सरकार 3.0 ने अपने पहले आम बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए बजट का खजाना खोल दिया। सरकार का मानना है कि यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य का नींव रखेगा। मोदी सरकार का लक्ष्य है कि साल 2047 तक हमारा देश विकसित भारत बनकर उभरे। इस साल हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में नाकामयाब रही थी, इसलिए इस बार भाजपा को एनडीए के घटक दलों के साथ तालमेल बिठाकर सरकार चलाने की जरूरत है।



बजट से पहले काफी चर्चा हो रही थी कि क्या मोदी सरकार इस बजट में अपने एनडीए घटक दलों को खुश कर सकेगी या नहीं। हालांकि, बजट सामने आने के बाद नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू काफी उत्साहित दिखे।

## 'पूर्वोदय' योजना

- सरकार 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपए देगी, जो GDP का 3.4% है।
- बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश को कवर करते हुए देश के पूर्वी क्षेत्र के डेवलपमेंट के लिए 'पूर्वोदय' योजना।

## 9 प्राथमिकताओं पर जोर

1. खेती की उत्पादकता और अनुकूलनीयता
2. रोजगार-कौशल प्रशिक्षण
3. मानव संसाधन विकास और समाजिक न्याय
4. मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज
5. अर्बन डेवलपमेंट
6. एनर्जी सिक्योरिटी
7. इंफ्रास्ट्रक्चर
8. इनोवेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट
9. अगली पीढ़ी के रिफॉर्म

# 'गोल ग्राउंड का अवैध उपयोग बंद करें'

## हाईकोर्ट ने मनपा प्रशासन को लगाई फटकार

### मनपा आयुक्त को 29 जुलाई तक जवाब देने का दिया गया आदेश

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

शहर के बीचो बीच शहर की धड़कन कहे जाने वाले 1200 वर्ग मीटर के गोल मैदान का उपयोग अवैध रूप से धार्मिक, राजनीतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए किया जा रहा है, जिससे निपटने के लिए 29 जुलाई, 2024 से पहले हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया गया। याचिकाकर्ता का तर्क है कि इस समय उल्हासनगर के नगर आयुक्त को ऐसे उपयोगकर्ता को अनुमति देने की तारीख, उपयोगकर्ता के पास जमा की गई राशि और सितंबर 2022 के बाद से दी गई अनुमतियों की संख्या सहित सभी विवरणों का खुलासा करना होगा। हिराली फाउंडेशन की अध्यक्ष एडवोकेट सरिता खानचंदानी इस संबंध में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे गभीरता से लेते हूए कोर्ट ने मनपा प्रशासन को फटकार लगाते हुए 29 जुलाई तक जवाब देने को कहा है।

> बॉल ग्राउंड के दुरुपयोग को लेकर मैंने नगर निगम प्रशासन से कई बार शिकायत की है, लेकिन अभी तक नगर निगम प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की, इसलिए मैंने कोर्ट में याचिका दायर की है।
> **– एडवोकेट सरिता खानचंदानी याचिकाकर्ता और हिराली फाउंडेशन की अध्यक्ष**



> हम नगर निगम प्रशासन की ओर से कोर्ट में अपना पक्ष रखने जा रहे हैं। मामला कोर्ट में विचाराधीन होने के कारण हम इस पर और कोई टिप्पणी नहीं कर सकते हैं।
> **– जमीर लांगरेकर अतिरिक्त आयुक्त, उल्हासनगर नगर निगम**

### धार्मिक कार्यो के लिए बनाए कई मंच

बता दें कि गोल मैदान में धार्मिक कार्यो के लिए कई मंच बनाए गए हैं। मैदान के बाकी हिस्से में मैदान में दशहरा-दिवाली मेला, नवरात्रि महोत्सव, पटाखा बाजार और अमृतवेला ट्रस्ट को किराये पर दिया जाता है। यह मैदान आम जनता खासकर बच्चों के खेलने के लिए उपलब्ध नहीं कराया गया है। मनपा के इस मैदान में बच्चे खेल से वंचित है, जिसे लेकर हिराली फाउन्डेशन ने याचिका के माध्यम से मांग की गई है कि मनपा मैदान पर बने कंक्रीट व सीमेंट और अन्य सभी निर्माण हटाकर मैदान का मूल स्वरूप बहाल करने का आदेश दिया जाए। साथ मनपा को यह भी आदेश दिया जाए कि वह मैदान को खेल के अलावा किसी अन्य उपयोग के लिए नही उपलब्ध कराए।

### 2011 में गोल मैदान परिसर में पानी की टंकी नहीं थी

याचिकाकर्ता ने आगे कहा कि 2011 में गोलमैदान परिसर में पानी की टंकी नहीं थी, फव्वारे थे और बच्चे मिट्टी में खेलते थे। 2015 से इसे अमृतवेला ट्रस्ट को सौंप दिया गया, इसके अलावा इस स्थान पर अन्य राजनीतिक धार्मिक, व्यावसायिक कार्यक्रम भी मनाए जाते हैं। इस याचिका पर सुनवाई करते प्रशासन को फटकार लगाई और मनपा प्रशासन को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। महाराष्ट्र क्षेत्रीय और शहर नियोजन अधिनियम, 1966 ('एमआरटीपी अधिनियम') का उल्लंघन है जो डीसीआर 37ए का उल्लंघन है। अदालत ने पालिका प्रशासन को खुली जगह/खेल का मैदान होने के कारण व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जा रहे गोल मैदान पर शुल्क लगाने का निर्देश दिया है।

आरोपों से निपटने के लिए 29 जुलाई, 2024 को या से पहले हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया गया ।याचिकाकर्ता का तर्क है कि इस समय उल्हासनगर मनपा आयुक्त को ऐसे उपयोगकर्ता को अनुमति देने की तारीख, उपयोगकर्ता के पास जमा की गई राशि और सितंबर 2022 के बाद से दी गई अनुमतियों की संख्या सहित सभी विवरणों का खुलासा करना होगा।

# शहर में सड़कें खस्ताहाल

## विकास कार्य भी ठप

### शिवसेना शिष्टमंडल ने अतिरिक्त आयुक्त से मुलाकात कर प्रशासन से मांगा जवाब

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर शहर में विकास कार्यों के लिए मनपा को सरकार से विभिन्न माध्यमों से फंड प्राप्त हुआ है, लेकिन शहर में विकास कार्यों की कमी और शहर के विभिन्न हिस्सों में सड़कों की खराब स्थिति के कारण नागरिकों को समस्या हो रही है, जिसे लेकर मंगलवार को शिवसेना शिष्ठमंडल अतिरिक्त आयुक्त किशोर गावस से मुलाकात की।



### निधि प्राप्ति के बाद भी विकास कार्य ठप

उल्हासनगर शहर में सीमेंट कंक्रीट सड़क, जल आपूर्ति, स्टेडियम, उद्यान, स्कूल और अन्य कार्यों के लिए न केवल शासन द्वारा निधि स्वीकृत की गई है, बल्कि सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे, राज्य सरकार, एमएमआरडी से भी निधि प्राप्त हुई है। इसके बावजूद देखा जा रहा है कि मनपा प्रशासन की ओर से विकास कार्यों को गति नहीं दी गयी है, शहर की विभिन्न सड़कें बदहाल हैं और जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं।इस बैठक में शहर में इस समय कौन-कौन से विकास कार्य चल रहे हैं, कितने कार्यों के लिए वर्क ऑर्डर मिले हैं, कौन-कौन से काम रुके हुए हैं, इस पर चर्चा हुई और शिवसेना प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि सड़कों के गड्ढे तुरंत भरे जाएं.इस मौके पर शिवसेना के पूर्व शहर प्रमुख राजेंद्र चौधरी, पूर्व नगरसेवक दिलीप गायकवाड, नाना बागुल, कुलवत सिंह सोहटा, स्वप्निल बागुल, बाला श्रीखंडे, सुरेश सोनावणे व कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### संबंधित अधिकारियों की कराई जाएगी जांच

इस अवसर पर अपर आयुक्त किशोर गवास ने कहा कि जिन विकास कार्यों के लिए धनराशि प्राप्त हो चुकी है लेकिन वे कार्य शुरू नहीं हुए हैं तो संबंधित अधिकारियों की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## एमएसईडीसीएल का अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता | पालघर**

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने पालघर जिले के विक्रमगढ़ में आठ हजार रुपये की रिश्वत मांगने और लेने के आरोप में महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) के एक अधिकारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सहायक अभियंता (श्रेणी-2) संदीप जवाहर विक्रमगढ़ में तैनात है। पालघर एसीबी के पुलिस उपाधीक्षक दयानंद गावड़े ने बताया कि शिकायतकर्ता ने अपने पिता के नाम पर दो बिजली मीटर लगाने के लिए आवेदन किया था। स्थानीय 'लाइनमैन' ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और स्वीकृति के लिए अपनी रिपोर्ट अनुभाग कार्यालय को भेज दी। लेकिन दो मीटर लगाने की स्वीकृति देने के लिए आरोपी इंजीनियर ने शिकायतकर्ता से आठ हजार रुपये की मांग की।

## स्टेशन के बाहर पुराने मछली बाज़ार पर तोड़क कार्रवाई

**दोपहर संवाददाता | डोंबिवली**

डोंबिवली के सबसे पुराने मछली बाजार को मनपा प्रशासन ने मंगलवार 23 दिसंबर को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान कड़ी पुलिस सुरक्षा रखी गई थी। मनपा के दर्जनों कर्मचारी व सुरक्षा रक्षक भी मौजूद रहे। मछुआरों को मछली बेचने के लिए बगल की जगह को पर्याय के रूप में दी गई है। नये मछली बाजार के पूरा होने तक यहां के मछली विक्रेताओं को अस्थायी स्थल पर मछली बेचने की अनुमति दी गयी है। इस बारे में जानकारी देते हुए युवा सेना सचिव दीपेश म्हात्रे ने कहा कि डोंबिवली के सबसे पुराने मछली बाजार को मनपा प्रशासन ने तोड़ दिया हैं, इस स्थान पर ही एक मछली बाजार स्थापित किया जाएगा जो बहुत ही सुंदर और आधुनिक होगा। इस नए मछली बाजार का काम जल्द ही शुरू हो जाएगा।



## बिजली समस्या को लेकर विधायक ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

शहर मे हो रही बिजली की आंखमिचौली व अन्य समस्यों को लेकर विधायक कुमार आयलानी ने मंगलवार को अपने कार्यालय में बिजली विभाग के अधिकारियों को यंत्रणा में सुधार करने को कहा।



**अधिकारियों के साथ बैठक**

शहर में हो रही बार बार बिजली कटौती की शिकायत के बाद विधायक कुमार आयलानी ने मंगलवार को अपने कार्यालय में बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में बिजली विभाग के मुख्य अभियंता मिश्रा ,अधीक्षक अभियंता भोळे, कार्यकारी अभियंता अतिष कुलकर्णी, लाल पंजाबी, राजेश भोईर, महेश देशमुख आदि उपस्थित थे।

## महिला हुई चेन स्नैचिंग की शिकार

**दोपहर संवाददाता | पालघर**

पालघर जिले की माणिकपुर पुलिस स्टेशन अंतर्गत एक 63 वर्षीय बुजुर्ग महिला चेन स्नैचिंग की शिकार हो गई है। इस मामले में पुलिस ने एक अज्ञात आरोपित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की तहकीकात में जुट गई है।मिली जानकारी के अनुसार,तापसी राजेंद्र घोष (63),निवासी-अग्रवाल वसई पश्चिम में रहती है।बताया जाता है कि,घटना की रात्रि लगभग 9 बजे के आसपास तापसी वसई पश्चिम से पैदल घर जा रही थी,तभी तापसी का एक अज्ञात व्यक्ति ने पीछा किया और अचानक तापसी के गले से सोने की चेन जबरन खींच कर भाग गया। तापसी ने उक्त घटना की शिकायत माणिकपुर पुलिस स्टेशन में की। तापसी ने बताया कि,आरोपित लगभग 50,000 रुपये सोने का मोहन माला छीनकर ले गया है।फिलहाल, माणिकपुर पुलिस ने अज्ञात स्नैचर के ऊपर धारा 309 के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच पुलिस कर रही है।



## मनपा के पूर्व महापौर विलास आर पाटिल लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी महानगर पालिका की स्थापना के बाद जब विभिन्न राजनीतिक दल समान स्तर पर थे तब से कोणार्क विकास अघाड़ी के पूर्व महापौर विलास आर पाटिल कोणार्क विकास अघाड़ी के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाई और महानगर पालिका की राजनीति पर हावी रहे। इस बार उन्होंने भिवंडी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की घोषणा एक पत्रकार परिषद आयोजित कर की है।

### 20 वर्षों का सियासी सफर

2002 से 2022 तक इस 20 वर्षों के दौरान जब विलास आर पाटिल नगरपालिका जन प्रतिनिधि के रूप में सत्ता में रहें है। तब से स्वयं एक बार, उनकी पत्नी प्रतिभा पाटिल दो बार और उनका समूह की यशश्री कडू एक बार इस तरह लगातार 10 वर्षों तक मनपा की सत्ता पर काबिज़ रहे, जबकि उनके पास बहुमत नहीं थी, लेकिन उनका सभी राजकीय पक्ष के जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं से सौहार्दपूर्ण संबंध रहें है और इस लिए वे हमेशा सत्ता पाने में सफल रहे है।


# उल्हासनगर महानगरपालिका

## वाहन विभाग

## ई-निविदा सूचना क्र. उमपा/ वाहन/09/2024

उल्हासनगर महानगरपालिकेच्या विविध विभागासाठी बाहयस्त्रोताद्वारे उल्हासनगर महानगरपालिकेच्या विविध वाहनांवर वाहनचालक पुरवठा करणेबाबत. (किमान वेतन कायद्यानुसार कार्यवाही) (कालावधी - ०१ वर्षे) ठेका पध्दतीने उपलब्ध करुन देणेकरीता नोंदणीकृत कंत्राटदार / नोंदणीकृत संस्थेमार्फत इच्छुक ठेकेदारा यांच्याकडून ई-टेंडरिंग पध्दतीने निविदा मागविण्यात येत आहे. सदर निविदा फॉर्म दिनांक २५/०७/२०२४ ते दिनांक २३/०८/२०२४ रोजी दुपारी ४.०० वाजेपर्यंत उल्हासनगर महानगरपालिकेच्या ई-टेडरिंग संकेतस्थळ https://mahatenders.gov.in अथवा https// www.mahatenders.gov.in येथे उपलब्ध होतील. सदर निविदा पत्रक / निविदा फॉर्म दिनांक २२/०८/२०२४ रोजी सायं. ४.०० वाजेपर्यंत याच संकेत स्थळावर सादर करावयाचे आहे. इच्छुक कंत्राटदार / नोंदणीकृत संस्था यांना निविदा पत्रक / निविदा फॉर्म फी व निविदा बयाणा रक्कम ऑनलाईन रिसिप्ट सिस्टीमद्वारे भरणा करावी, अन्यथा दरपत्रके / निविदा ग्राहय समजण्यात येणार नाही.

निविदेचा तांत्रिक लिफाफा क्र. ०१ दिनांक २६/०८/२०२४ रोजी सायं. ४.०० वाजता उपस्थित नोंदणीकृत कंत्राटदार/नोंदणीकृत संस्था व त्यांचे प्रतिनिधी यांचे समक्ष ई-टेंडरींग सेल, उल्हासनगर महानगरपालिका, मुख्य कार्यालय, उल्हासनगर-३ येथे उघडण्यात येईल.

| अ. क्र. | कामाचे नाव | निविदा रक्कम रुपये | निविदा अनामत रक्कम (EMD) | कोरी निविदा फॉम फी | सुरक्षा अनामत रक्कम |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | उल्हासनगर महानगरपालिकेच्या विविध वाहनांवर वाहनचालक पुरवठा करणेबाबत. (किमान वेतन कायद्यानुसार कार्यवाही) (कालावधी ०१ वर्षे) | २,१२,५६,५६० | रूपये २१२५६५ /- (अक्षरी दोन लाख बारा हजार पाचशे पासष्ठ रुपये मात्र) | रुपये २०,००० + ३६०० (GST १८% ) = रुपये २३६००/- | निविदा कार्यादेशा च्या किंमतीवर ३% |

इच्छुक पुरवठादारांनी पुढे नमुद केलेला अनुभव विचारात घेवून प्रती कर्मचारी आपले दर किमान वेतन दर गृहीत धरुन सर्व करांसहित नमुद केलेले असून कंत्राटदाराने सर्विस चार्ज / प्रशासकीय चार्ज नमुद करावेत.

**Schedule of Tender**

**वेळापत्रक :- निविदा प्रक्रियेबाबत वेळापत्रक खालीलप्रमाणे आहे**

| Sr. No. | Activities | Start Date & Time Expiry Date & Tie |
|---|---|---|
| 1 | Online Tender Release | 25/07/2024 15:00 PM TO 23/08/2024 15: 00 PM |
| 2 | Online Tender Document Download and Submission | 25/07/2024 15:00 PM TO 23/08/2024 15:00 PM |
| 3 | Online Tender Opening | 26/08/2024 16:00PM |

१) निविदा पूर्व बैठक (Pre-Bid Conference) दि. ०२/०८/२०२४ रोजी सकाळी १२.०० वाजता मा. आयुक्त, उल्हासनगर महानगरपालिका यांच्या दालनात घेण्यात येईल.
२) निविदा दोन लिफाफा पध्दतीने ऑनलाईन सादर कराव्यात. फॉर्म फि परत केली जाणार नाही.
३) आलेल्या निविदा मधील कोणतीही एक निविदा स्विकारण्याचा किंवा सर्वच निविदा नाकारण्याचा अधिकार आयुक्तांनी राखून ठेवलेला आहे. त्याबद्दल कोणतेही स्पष्टीकरण दिले जाणार नाही.
४) निविदा विधी ग्राहयता कालावधी १२० दिवसांचा असेल.

हस्ता/-
(डॉ. सुभाष जाधव)
उप-आयुक्त (वाहन)
उल्हासनगर महानगरपालिका

जा.क्र. उमपा/पीआरओ/259/2024
दिनांक- 23/07/2024


## दो किलो चरस के साथ महिला गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी के शांतिनगर पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर उसके पास से 20.75 लाख रूपये कीमत का चरस बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शांतिनगर पुलिस को सूचना मिली थी कि एक महिला भिवंडी के अशोक नगर इलाके में अमली प्रदार्थ की बिक्री करने आने वाली है, जानकारी मिलते ही शांतिनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक सर्जेराव पाटील व उनकी टीम ने अशोक नगर में जाल बिछा कर बैठ गए तभी पुलिस ने पोस्ट ऑफिस के सामने निवासी हसीन फरहान टॉकीज के पीछे, कसाई वाडा, शबाना अनवर कुरैशी 39 वर्षीय महिला को गिरफ्तार कर लिया और उस की तलाशी ली तो महिला के पास से 20 लाख 75 हजार रूपये कीमत का 2 किलो 2 ग्राम वजनी चरस बरामद हुआ।

## विधायक ने किया शहाड फाटक ब्रिज का दौरा

### पीडब्लूडी अधिकारियों को दिया सड़कों को खड्डा मुक्त करने का आदेश

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर में मानसून के कारण पूरे शहर की सड़कों की दशा खराब हो गयी है। सड़कों पर खड्डों के चलते आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। आए दिन सोशल मीडिया पर नागरिकों द्वारा किए जा रहे विरोध को देखते हुए मंगलवार को उल्हासनगर विधायक कुमार आयलानी पीडब्लूडी अधिकारियों के साथ शहाड फाटक सहित कई जगहों पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और सड़क के खड्डों को जल्द से जल्द भरने का आदेश दिए।



## बलात्कार पीड़िता की प्रसव के दौरान मौत, मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई**

नवी मुंबई के वाशी पुलिस थाने में 18 वर्षीय लड़की की प्रसव के दौरान मौत के बाद बलात्कार का मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चूंकि कथित अपराध दिघी में हुआ था इसलिए इस संबंध में 'शून्य प्राथमिकी' दर्ज कर उसे रायगढ़ जिले के दिघी पुलिस थाने में स्थानांतरित कर दिया गया है।



### कंप्यूटर की कक्षा के दौरान हुई थी दोस्ती

श्रीवर्धन निवासी आरोपी हेमंत और पीड़िता की मुलाकात पिछले साल कंप्यूटर की कक्षा के दौरान हुई थी जिसके बाद दोनों दोस्त बन गए। लड़की के माता-पिता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार उसने कथित तौर पर दो मौकों पर उसके साथ बलात्कार किया जिसके बाद लड़की गर्भवती हो गई। इसके बाद लड़की अपने माता-पिता के साथ वाशी चली गई। 18 जुलाई को वह स्नानघर में खून से लथपथ पड़ी मिली और उसके बगल में एक नवजात शिशु पड़ा था। अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया जबकि बच्चे की दो दिन बाद मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 के तहत बलात्कार का मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

## पुलिस बताकर तीन लोगों ने कार चालक को लूटा

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी के ठाणे बाईपास रोड पर नकली पुलिस कर्मियों की तिकड़ी ने एक कार चालक को धोखा देकर उसकी सोने की चेन लूट ली। पुलिस के अनुसार काल्हेर निवासी विकास वामन पाटिल जो एक बंधकाम व्यवसाय है। मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे पिंपलास गांव के सामने ठाणे भिवंडी बाईपास रोड पर अपनी कार चला रहे थे। तभी उनकी कार के पीछे से काले रेनकोट पहने दो बाइक सवारों ने उनकी कार को सड़क के किनारे रोका। इसी बीच एक और व्यक्ति वहां आया और उसने स्वयं को पुलिसकर्मी बताया और कहा कि वह अपने शरीर पर पहने आभूषणों को किसी कागज में रख लें क्योंकि आगे चोरी की घटना ज्यादा हो रही है। इस बीच उक्त तीनों अज्ञात नकबजनों ने विकास पाटील को एक रुमाल में पत्थर के टुकड़े भर कर दिया और कहा कि इसे रख लो। इस तरह हाथ की सफाई कर तीनो चोरों ने उनकी सोने की चैन ले लिए और फरार हो गए है। इस प्रकरण में कोनगांव पुलिस ने तीनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित



दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# शिंदे कैबिनेट ने लिए 6 बड़े निर्णय

## आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 10 लाख का बीमा

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्ववाली महायुति सरकार की बेहद महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में 6 बेहद बड़े निर्णय लिए गए। इसमें आशा स्वयंसेवकों, आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, समूह प्रवर्तकों को दुर्घटना मृत्यु पर दस लाख रुपए और विकलांगता पर पांच लाख रुपए देने का महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। इसी तरह सरकार की महत्वाकांक्षी एवं बहुचर्चित 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन' योजना के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस योजना को लागू करते समय पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अधिकांश महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए और भी कई रियायतों की घोषणा कैबिनेट की बैठक में की गई। शिंदे-फडणवीस-पवार सरकार की राज्य कैबिनेट की मंगलवार को मंत्रालय में बैठक हुई। इसमें खासकर महिलाओं के लिए 'लाडली बहना' योजना को सहजता और सुगमता से लागू करने के लिए नियमों में 6 और रियायतों की घोषणा की गई। जो कि नीचे दिए अनुसार हैं।



### लाडली बहनों के लिए नई रियायतें

- इस योजना का लाभ उठाने के लिए पोस्ट बैंक खाता स्वीकार किया जाएगा।
- यदि किसी महिला का जन्म किसी दूसरे राज्य में हुआ है और उसकी शादी महाराष्ट्र के मूल निवासी पुरुष से हुई है, तो उस महिला को भी अपने पति के दस्तावेजों पर योजना का लाभ मिलेगा।
- लाभार्थी महिलाओं की सूची ग्राम स्तरीय समिति के माध्यम से प्रत्येक शनिवार को पढ़ी एवं बदली जाए।
- केंद्र सरकार की योजना लेने वाली महिला को लाभार्थी माना जाना चाहिए। हालांकि, उसे ऑफ लाइन आवेदन भरना होगा।
- यदि किसी नवविवाहित महिला का विवाह पंजीकरण तुरंत संभव न हो तो महिला के विवाह प्रमाण पत्र के अनुसार पति का राशन कार्ड प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए।
- ओटीपी की अवधि 10 मिनट होनी चाहिए।

### कैबिनेट बैठक में लिए गए अन्य महत्वपूर्ण निर्णय

- आशा स्वयंसेवकों, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं, समूह प्रवर्तकों को दुर्घटना मृत्यु पर दस लाख और विकलांगता पर पांच लाख का अनुदान दिया जाएगा।
- राज्य में चरवाहों के लिए राजे यशवंतराव होलकर महामेश योजना को जारी रखने और चरवाहा लाभार्थियों के खातों में सीधे राशि जमा करने का निर्णय लिया गया।
- दिव्यांग कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण 2016 से लागू
- कृषि फसलों के नुकसान का आकलन करने के लिए जल्द से जल्द एक अद्यतन प्रणाली विकसित किए जाने का निर्णय लिया गया ताकि मुआवजे का भुगतान अधिक पारदर्शी और सटीक तरीके से किया जा सके।
- न्यायिक अधिकारियों के लिए मुंबई महानगर में किराए के आधार पर 51 फ्लैट के प्रावधान को मंजूरी दे दी गई।
- राजस्व विभाग : अंबड में एमआईडीसी के लिए 16 हेक्टेयर सरकारी जमीन

# महाराष्ट्र की झोली खाली



**बजट में नहीं हुआ कोई बड़ा ऐलान, विपक्ष ने किया विरोध प्रदर्शन**

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश किया। उन्होंने लगातार सातवीं बार देश का बजट किया है। जबकि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। मोदी सरकार ने बजट में बिहार, आंध्र प्रदेश और हिमाचल प्रदेश को बड़ी सौगात दी है। हालांकि बजट में चुनावी राज्य महाराष्ट्र के लिए कोई घोषणा नहीं की गई है। इसलिए विपक्ष ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है।

### एमवीए के नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

केंद्रीय बजट 2024 पेश होने के बाद संसद भवन के बाहर महाविकास अघाडी (एमवीए) के नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। महाराष्ट्र में एमवीए गठबंधन में कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना (UBT) और शरद पवार की एनसीपी (एसपी) है। जबकि एमवीए के सभी दल इंडिया गठबंधन का हिस्सा है।

### आदित्य ठाकरे ने लगाया महाराष्ट्र को लूटने का आरोप

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि सीतारमण ने अपने केंद्रीय बजट भाषण में एक बार भी महाराष्ट्र का जिक्र नहीं किया। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा करदाता होने के बावजूद राज्य से भेदभाव किया गया। ठाकरे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में केंद्र पर 'भ्रष्ट सरकार' बनाकर और फिर करों के जरिए महाराष्ट्र को लूटने का भी आरोप लगाया।

### भाजपा को महाराष्ट्र से इतनी नफरत क्यों?

ठाकरे ने दावा किया, "मैं समझ सकता हूं कि भाजपा अपनी सरकार बचाना चाहती है और बिहार तथा आंध्र प्रदेश को भारी भरकम बजट दे रही है। लेकिन महाराष्ट्र का क्या कसूर है? यही कि हम सबसे बड़े करदाता हैं? हमारे योगदान के बावजूद हमें क्या मिला?


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### स्वास्थ्य विभाग

के. बी. भाभा अस्पताल, आर. के. पाटकर मार्ग, बांद्रा(प.), मुंबई-400050.

**ई-निविदा सूचना**

**न. एचओ/4581/केबीबी तारीख 22/07/2024**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त (एमसीजीएम) इस लाइन में काम करने वाले पात्र ठेकेदारों/विक्रेताओं से बोलियां आमंत्रित करता है। ई-निविदा विवरण निम्नानुसार है।

| अनु. क्र. | मापदंड | विवरण | |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा/बोली संख्या | 2024 एमसीजीएम_1056586 | |
| 2. | विभाग | परिधीय अस्पताल | |
| 3. | ई-कोटेशन का विषय | के.बी.भाभा अस्पताल, बांद्रा (पश्चिम) में पंजीकृत एनजीओ से अनुबंध के आधार पर 06 महीने की अवधि के लिए 08 पीटीएआरए की आउटसोर्सिंग। | |
| 4. | संपर्क विवरण | उप चिकित्सा अधीक्षक टेली. 022 26422775 विस्तार. 4506 ईमेल -bhabha.bandra@yahoo.com | |
| 5. | महत्वपूर्ण तारीख | विवरण | दिनांक से/समय |
| | | डाउनलोड करने की आरंभ तिथि | 24.07.2024 को 04.00 बजे |
| | | ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 31.07.2024 को 16.00 बजे तक |

ई-कोटेशन एमसीजीएम पोर्टल mcgm.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है या हमें कॉल करें 022 26422775 विस्तार. 4506 पर।

तारीखः 22/07/2024
स्थानः मुंबई

हस्ता./-
उप चिकित्सा अधीक्षक
के.बी.भाभा अस्पताल, बांद्रा(प.)

पीआरओ/635/विज्ञा./2024-25

समय पर निदान, बचाएं प्राण


# मुख्यमंत्री शिंदे मराठा कोटा में विलंब कर रहे : जरांगे



**दोपहर संवाददाता । मुंबई/जालना**

सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने अपने अनिश्चितकालीन अनशन के चौथे दिन मंगलवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए कहा कि वह नौकरियों और शैक्षिक संस्थानों में मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत आरक्षण देने की प्रक्रिया में विलंब कर रहे हैं।जरांगे ने अपनी मांगों के समर्थन में 20 जुलाई को जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव में एक बार फिर अपना अनशन शुरू किया। उनकी मांगों में कुनबी समुदाय को मराठा समुदाय के सदस्यों से खून का रिश्ता रखने वाले के रूप में मान्यता देने वाली मसौदा अधिसूचना को लागू करना और मराठाओं को ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण देना शामिलa है। कुनबी, एक कृषक समुदाय है।

इसे महाराष्ट्र में ओबीसी का दर्जा प्राप्त है। जरांगे मांग कर रहे हैं कि सभी मराठाओं को कुनबी प्रमाण पत्र जारी किया जाए ताकि वे सरकारी नौकरियों और शिक्षा में कोटा के लिए पात्र हो सकें।


## झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई

SRA/CO/OW/2024/38863
**सहकार कक्ष, झोपुप्रा**
दिनांक 23/07/2024

**-: ऑनलाईन सोडत पध्दतीने सदनिका वाटपाची सुचना :-**

न्यू साफल्य एस. आर. ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था मर्यादित, प्लॉट नं. १७४, शांतीलाल कंपाऊंड, खेरवाडी, वांद्रे (पुर्व), मुंबई - ४०० ०५१ या नोंदणीकृत संस्थेच्या पुनर्वसन इमारत क्र. १ व २ मधील निवासी सदनिकांचे सोडत पध्दतीने वितरण करण्यासाठी प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १६२ नुसार मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था, (पूर्व व पश्चिम उपनगरे), झोपुप्रा, मुंबई यांचेकडील दि. १५/०७/२०२४ रोजीचे पत्रान्वये माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणून नियुक्ती करण्यात आलेली आहे.

सदर संस्थेच्या पुनर्वसन **इमारत क्र. १** मधील **११५** निवासी सदनिका व **इमारत क्र. २** मधील **६६** निवासी सदनिकांचे सोडत ऑनलाईन पध्दतीने वितरण **दि. ३१/०७/२०२४ रोजी सकाळी १०.३० वाजता, स्थळ : प्राधिकरणाच्या कार्यालयात ऑनलाईन पध्दतीने झुम ॲप (Zoom App)** वर आयोजित केलेली आहे.

**-: सभेचा विषय :-**

झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १६२ / दि. २३/१०/२०१५ व ऑनलाईन झुम ॲप (Zoom App) वर सोडत पध्दतीने पुनर्वसन योजनेतील **इमारत क्र. १** मधील **११५ निवासी** सदनिका व **इमारत क्र. २** मधील **६६ निवासी** सदनिकांचे वाटप करणे.

झुम ॲप (Zoom App) वरील लिंक : वरील लिंक : https://us04web.zoom.us/j/88630539865
Meeting ID : 88630539865
Passcode : 31072024

**ठिकाण : मुंबई**
**दिनांक : 23/07/2024**

सही/-
**(एच.आर. गावडे)**
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी, (श्रेणी-2), झोपुप्रा, बृहन्मुंबई

**टिपः**
१) सोडतीसाठी पात्र (पती/पत्नी) झोपडीधारकांनीच ऑनलाईन लॉटरी मध्ये विहीत वेळेत व तारखेस सहभागी व्हावेत.
२) सोडतीच्या वेळी ज्या झोपडीधारकांचे नाव परिशिष्ट - २ मध्ये पात्र आहेत अशा व्यक्ती अंध, अपंग, विधवा महिला कुटुंब यांनी पुनर्वसन इमारतीमधील खालच्या मजल्यावरील सदनिका हवी असल्यास प्राधिकरणात दि. ३०/०७/२०२४ रोजी पर्यंत लेखी पत्राने मागणी केल्यास परिपत्रकातील तरतूदीनुसार सदनिका वाटप करण्यात येईल. सदर गटातील व्यक्तींनी ई-मेल आयडीवर शासनमान्य अंध, अपंग याबाबतचा पुरावा सादर करणे आवश्यक आहे. तसेच विधवा झोपडीधारकांनी पतीचा मृत्यू दाखला सदर अर्जासोबत सादर करणे आवश्यक आहे.


**शीना बोरा हत्याकांड**

# इंद्राणी मुखर्जी को हाईकोर्ट से झटका



### विदेश यात्रा पर अंतरिम रोक

**मुंबई।** शीना बोरा हत्याकांड मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय ने मंगलवार को विशेष अदालत के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी है। बता दें कि विशेष अदालत ने शीना बोरा हत्याकांड की आरोपी इंद्राणी मुखर्जी को यूरोप की यात्रा का आदेश दिया था। मुखर्जी पर वर्ष 2012 में अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या का आरोप था। न्यायमूर्ति एस वी कोटवाल की एकल पीठ ने कहा कि इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने विशेष अदालत के फैसले के खिलाफ याचिका दायर की है। 29 जुलाई को याचिका पर न्यायमूर्ति एस सी चंडाक की नियमित अदालत में सुनवाई होनी है। मंगलवार को न्यायमूर्ति चंडाक मौजूद नहीं थे।

### सीबीआई ने तत्काल सुनवाई की मांग की है

सीबीआई ने अपनी याचिका में न्यायमूर्ति कोटवाल के समक्ष तत्काल सुनवाई की मांग की थी। इसके जवाब में न्यायाधीश कोटवाल ने कहा कि अच्छा रहेगा कि याचिका पर सुनवाई नियमित पीठ के समक्ष हो। अदालत ने कहा, 'तब तक विशेष अदालत के फैसले पर अंतरिम रोक लगाई जाती है।' आपको बता दें कि इंद्राणी मुखर्जी फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। आपको बता दें कि 19 जुलाई को सीबीआई की विशेष अदालत ने इंद्राणी मुखर्जी ने को दस दिन के लिए यूरोप जाने की अनुमति दी थी। जांच एजेंसी के वकील श्रीराम शिरसाट ने मंगलवार को अदालत को बताया कि इंद्राणी मुखर्जी, शीना बोरा हत्याकांड मामले में प्रमुख आरोपी हैं और इसे लेकर अदालत में लगातार सुनवाई चल रही है। शिरसाट ने आगे कहा कि आरोपी को विदेश जाने की अनुमति देना उचित नहीं होगा। इस बीच इँद्राणी के वकील रंजीत सांगले ने अदालत को बताया कि वे अभी विदेश की यात्रा नहीं कर सकतीं क्योंकि उनके पास पासपोर्ट नहीं है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### (हाइड्रोलिक इंजीनियर विभाग)

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्र. | 2024_एमसीजीएम_1056480 |
| संगठन का नाम | **बृहन्मुंबई महानगरपालिका** |
| विषय | एई(एम)डब्ल्यूडब्ल्यू सिटी अनुभाग के अंतर्गत ई वार्ड क्षेत्र में दैनिक वाल्व संचालन के लिए विभिन्न आकारों के बीएफवी की आपूर्ति और स्थापना। |
| निविदा जांच शुल्क | रु.3894.00 (रु.3300+18%जीएसटी) |
| ई-निविदा की लागत (अनुमानित लागत) | रु.,**12,57,000.90** (18% जीएसटी सहित) |
| बोली सुरक्षा जमा /ईएमडी | **रु.13000.00** (GoM के भुगतान गेटवे के माध्यम से URL https:/mahatenders.gov.in पर) |
| समयावधि | **6 माह (मानसून को छोड़कर)** |
| निविदा जारी करने और बिक्री की तारीख | 23/07/2024 को सुबह 11.00 बजे के बाद |
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | 29/07/2024 को 12.00 बजे तक |
| पैकेट ए, बी और पैकेट सी (ऑनलाइन) जमा करना और बोली सुरक्षा जमा की रसीद | 29/07/2024 को शाम 04.00 बजे तक |
| बोली पूर्व बैठक | नॉट अप्लीकेबल |
| पैकेट ए खोलना | 31/07/2024 को दोपहर 12.05 बजे के बाद |
| पैकेट बी खोलना | 01/08/2024 को दोपहर 12.10 बजे के बाद |
| पैकेट सी खोलना | 07/08/2024 को दोपहर 03.00 बजे के बाद |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | 1.श्री. ए. बी.देसाई(एस ई):-9930260497<br>2.श्री.एन.एम.धोंडगे (ए ई):-9930260569 |
| संपर्क के लिए पता | कार्यकारी अभियंता (मेंटेनेंस) कार्यालय में मीटर वर्कशॉप, बीएमसी, 566, एन.एम.जोशी मार्ग, 'एस' ब्रिज के पास, भायखला (प.), मुंबई-400011.<br>ईमेल आईडीः aewwmcity01.he@mcgm.gov.in |
| बोली खोलने का स्थान | ऑनलाइन कार्यकारी अभियंता (मेंटेनेंस) कार्यालय में मीटर वर्कशॉप, बीएमसी, 566, एन.एम.जोशी मार्ग, 'एस' ब्रिज के पास, भायखला (प.), मुंबई-400011. |

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।
एमसीजीएम किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। पैकेट सी खोलने से पहले जांच शुल्क का भुगतान किया जाएगा।

हस्ता./
पीआरओ/631/विज्ञा./2024-25
**उप.हाइड्रोलिक अभियंता (मेंटेनेंस)**

समय पर निदान, बचाएं प्राण



## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### (हाइड्रोलिक इंजीनियर विभाग)

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्र. | 2024_एमसीजीएम_1056135 |
| संगठन का नाम | **बृहन्मुंबई महानगरपालिका** |
| विषय | एई(एम)डब्ल्यूडब्ल्यू सिटी अनुभाग के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में यांत्रिक ऑपरेटिंग उपकरणों के माध्यम से वाल्व संचालन के लिए सार्वभौमिक तंत्र का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति और स्थापना। |
| निविदा जांच शुल्क | रु.7,788.00 (रु.6,600+18%जीएसटी) |
| ई-निविदा की लागत (अनुमानित लागत) | NA |
| बोली सुरक्षा जमा /ईएमडी | रु.26,000.00 (GoM के भुगतान गेटवे के माध्यम से URL https:/mahatenders.gov.in पर) |
| समयावधि | 4 माह |
| निविदा जारी करने और बिक्री की तारीख | 23/07/2024 को सुबह 11.00 बजे के बाद |
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | 29/07/2024 को 12.00 बजे तक |
| पैकेट ए, बी और पैकेट सी (ऑनलाइन) जमा करना और बोली सुरक्षा जमा की रसीद | 29/07/2024 को शाम 04.00 बजे तक |
| बोली पूर्व बैठक | नॉट अप्लीकेबल |
| पैकेट ए खोलना | 31/07/2024 को दोपहर 12.05 बजे के बाद |
| पैकेट बी खोलना | 01/08/2024 को दोपहर 12.10 बजे के बाद |
| पैकेट सी खोलना | 07/08/2024 को दोपहर 03.00 बजे के बाद |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | 1.श्री. ए. बी.देसाई(एस ई):-9930260496<br>2.श्री.एन.एम.धोंडगे (ए ई):-9930260569 |
| संपर्क के लिए पता | कार्यकारी अभियंता (मेंटेनेंस) कार्यालय में मीटर वर्कशॉप, बीएमसी, 566, एन.एम.जोशी मार्ग, 'एस' ब्रिज के पास, भायखला (प.), मुंबई-400011.<br>ईमेल आईडीः aewwmcity01.he@mcgm.gov.in |
| बोली खोलने का स्थान | ऑनलाइन कार्यकारी अभियंता (मेंटेनेंस) कार्यालय में मीटर वर्कशॉप, बीएमसी, 566, एन.एम.जोशी मार्ग, 'एस' ब्रिज के पास, भायखला (प.), मुंबई-400011. |

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।
एमसीजीएम किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। पैकेट सी खोलने से पहले जांच शुल्क का भुगतान किया जाएगा।

हस्ता./
पीआरओ/632/विज्ञा./2024-25
उप. हाइड्रोलिक अभियंता (मेंटेनेंस)

समय पर निदान, बचाएं प्राण

संपादकीय

# थैंक्स गिविंग बजट

मोदी 3.0 का पहला बजट दिलचस्प होने के साथ-साथ काफी पेचीदा भी है। बजट में जो कहा गया है और वित्त विधेयक में जो आपको पढ़ने को मिलता है, उसमें एक बड़ा फर्क है। कुछ उम्मीदें, कुछ अपेक्षाएं जो बजट से थीं, उन अपेक्षाओं में कुछ राजनीतिक संकेत थे जो चुनावों से निकले थे, उन सबको समेटने की कोशिश की गई है। आमतौर पर बजट को समझने के लिए हम पार्ट-ए से पार्ट-बी की तरफ जाते हैं। मगर आज इस बजट को पार्ट-बी से शुरू करते हैं और पार्ट-ए तक जाते हैं। यानी बजट को उल्टा शुरू कर समझते हैं। बजट का आखिरी हिस्सा, जिसमें लोगों की सबसे ज्यादा दिलचस्पी होती है। प्रावधानों से पहले उन बड़े संकेतों को जानते हैं जिनसे भविष्य की दिशा तय होगी। माना जाता है कि बजट में मिडिल क्लास को सबसे ज्यादा इंतजार इनकम टैक्स से जुड़ी घोषणाओं का होता है। हालांकि इनकम टैक्स मध्यम वर्ग नहीं है, भारत का मिडिल क्लास बहुत बड़ा। वो सिर्फ 2 से 2.5 करोड़ टैक्स देने वाले लोगों तक सीमित नहीं है, पर फिर भी पूरे बजट की व्याखा इन लोगों पर ही केंद्रित हो जाती है। 2020 में जो न्यू टैक्स रिजीम लाया गया था, उसमें बचत को प्रोत्साहन देने की कोई व्यवस्था नहीं थी। इसके लिए कोई इंसेंटिव नहीं था। इस बार फिर बजट में वित्त मंत्री ने यही प्रतिबद्धता दोहराते हुए न्यू टैक्स रिजीम को और आकर्षक बनाया है, लेकिन ओल्ड टैक्स रिजीम को नहीं छुआ है। न्यू टैक्स रिजीम में स्टैंडर्ड डिडकशन बढ़ाया गया जिसका सैलरीड क्लास को लाभ होगा, 25 हजार रुपए का। स्लैब में थोड़ा चेंज किया गया 3 से 6 लाख की आय वाले स्लैब को 6 से 7 लाख रुपए कर दिया गया और यहां पर थोड़ी बचत होगी। यहां से वित्त मंत्री ने ये दर्शन स्पष्ट कर दिया कि बचत आपकी अपनी जिम्मेदारी है। सरकार टैक्स के रेट कम रखेगी और आपको रियायतें नहीं देगी और यही बात समझने वाली है। अब हम दूसरी तरफ चलते हैं जहां बहुत सारे लोगों की निगाहें थी और उसको लेकर जबरदस्त उठा-पटक दिखी, यानी शेयर बाजार। जो बजट के बाद एकदम तेजी से गिरा, बेहद बेचैन हुआ और शेयर बाजार को बेचैन करने वाली कई चीजें इस बजट में हैं। जैसे लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (LTCG) 10% से 12.5% कर दिया गया, जो F&O (फ्यूचर एंड ऑप्शन्स) पर ट्रेडिंग करते थे उन पर एसटीटी की दर दोगुनी कर दी गई। प्रॉपर्टी में इंडेक्सेशन बेनेफिट को लेकर बदलाव किए गए और शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स के रेट भी बढ़ाए गए जिसके बारे में आगे सूचना दी जाएगी। कुल मिलाकर ये सब निवेश के मिजाज के लिए ठीक नहीं था। बाजार ऐसा बजट नहीं चाह रहा था। बाजार को लग रहा था कि मिजाज ठीक नहीं है और इसलिए शेयर बाजार की दृष्टि से ये बजट कमजोर था, निवेशकों के लिहाज से कमजोर था। हां, अगर छोटे निवेशकों के हिसाब से देखें तो उन्हें एक साल में म्यूच्यूअल फंड्स से 1.15 लाख रुपए के कैपिटल गेन्स पर टैक्स नहीं देना होगा। जैसा शुरुआत में कहा गया कि इनकम टैक्स को लेकर ये सरकार पिछले 10 साल से बहुत रिजर्व रही है। टैक्स स्लैब में जो भी बदलाव हुए हैं, वो बहुत मामूली हैं। एक तरह से वित्त मंत्री की ओर से थैंक्स गिविंग है कि आप हमको तीसरी बार सरकार में लाए, ये लीजिए 12 से 15 हजार की मदद। कुल मिलाकर कोई बड़ा चेंज नहीं हुआ जिससे कि ये इनकम टैक्स का ड्रीम बजट हो जाए। खासतौर पर जिस तरीके से महंगाई बढ़ी है और मिडिल क्लास की कॉस्ट ऑफ लिविंग बढ़ी है, उसे देखते हुए टैक्स में ये रियायतें मामूली ही हैं। कस्टम ड्यूटी से जुड़ी एक घोषणा पर भी बात करना जरूरी है। सरकार पर इस बात का दबाव था कि वो विदेश से आने वाले मोबाइल और उसके पुर्जों पर ड्यूटी घटाए। इसलिए नहीं कि भारत में उसकी कीमतें कम हों, बल्कि इसलिए कि जो मोबाइल कंपनियां भारत से निर्यात कर रही हैं, उनकी कॉस्ट कम हो सके। इसका थोड़ा फायदा हमें भी मिलेगा और आपको भी मिलेगा। अगर मोबाइल कंपनियां कस्टम ड्यूटी की रियायतों को ग्राहकों तक पास-ऑन करती हैं तो मोबाइल सस्ते हो सकते हैं। अब बड़ी घोषणा पर आते हैं। बड़ी घोषणा में सुर्खी बनाने वाली एक घोषणा है और राजनीतिक घोषणा दूसरी है। अगर आप बजट की दो घोषणाओं को एक साथ मिलाकर तुलना करें तो बजट में रोजगार के लिए 2 लाख करोड़ की पांच स्कीमों का पैकेज घोषित किया गया है। ये संकेत है कि सरकार ने इस बात को स्वीकार किया कि चुनाव के दौरान जो बैकलैश आया बेरोजगारी को लेकर उसके लिए कुछ करना चाहिए। दूसरी तरफ आप देखें तो करीब एक लाख करोड़ रुपए की सीधी मदद दो गठबंधन दलों वाले राज्यों को दी गई। एक आंध्रप्रदेश और दूसरा बिहार। राजनीतिक चश्मे से देखें तो बजट के कई मायने हैं, लेकिन आर्थिक चश्मे से ढूंढें तो बजट में बहुत कुछ नहीं मिलता है। क्योंकि ये बजट अंतरिम बजट का पूर्ण बजट है। 6 महीने निकल चुके हैं, अगला बड़ा बजट साल के अंत से बनना शुरू हो जाएगा। इसलिए इस वक्त सरकार की सबसे बड़ी वरीयता यही थी कि इस बजट के बाद उसके गठबंधन घटक शांत रहे और साथ बने रहें। बाकी रेलवे, इंफ्रा के लिए छोटी-मोटी प्रतीकात्मक घोषणाएं ही हैं। इससे ये भी लगता है कि सरकार इस बजट के जरिए एक निरंतरता दिखाना चाहती है। कुछ छोटी-मोटी पहल हमें दिखती है। अलग-अलग तरीके की। उन पहल का असर कुल मिलाकर इकोनॉमी में ग्रोथ बढ़ाने में, जॉब बढ़ाने में, डिमांड बढ़ाने में उतना नहीं दिखाई देगा। तीसरा इसके बाद अगर आप बजट का कोई फोकस ढूंढना चाहें तो वो छोटे उद्योग हैं। हालांकि छोटे उद्योगों के भी मामले में वो ही चलती हुई स्कीम्स हैं। उनमें आवंटन बढ़ाया गया और बैंकों के सहारे उन्हें और आसानी से कर्ज देने जैसे प्रावधान जोड़े गए। मोदी सरकार के पिछले बजट बड़ी स्कीमों की बात करते थे, मेगा स्कीमों की चर्चा करते थे। गठबंधन सरकार की चुनौतियां इस बजट पर साफतौर पर दिखाई दी। क्योंकि मेगा स्कीमों का रिफ्लेक्शन इस बजट पर नहीं दिखा। पूरे भाषण में हमने स्मार्ट सिटी नहीं सुना, गंगा मिशन नहीं सुना। बहुत सारी ऐसी बड़ी स्कीमें इस बार नहीं सुनाई दीं, लेकिन हां, बजट के दस्तावेजों में इन पर कई आवंटन जरूर हुए होंगे, छिपे हुए होंगे। इस बार वो फ्लैग बियरिंग स्कीमें नहीं रहीं। कुल मिलाकर सरकार का ये थैंक्स गिविंग बजट था।

# बजट विश्लेषण : सभी वर्गों को साधता संतुलित बजट



योगेश कुमार गोयल

पेपरलेस बजट, परम्परा में बदलाव, सबसे लंबे बजट भाषण, लगातार सबसे ज्यादा बजट पेश करने जैसे कई रिकॉर्ड बना चुकी वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने भाजपा नीत एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश किया। निर्मला सीतारमण का यह 7वां और एनडीए सरकार का 13वां बजट था। बजट पेश करते ही वह भारत की पहली ऐसी वित्तमंत्री बन गईं, जिन्होंने लगातार सात बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड बनाया है। इस बजट पर पूरे देश की नजरें केन्द्रित थी क्योंकि खासकर आम आदमी को इस बजट से ढ़ेर सारी उम्मीदें थी। दरअसल पहले से ही माना जा रहा था कि बजट में आम जनता के लिए राहतों का पिटारा खोला जाएगा। लोकसभा चुनाव से पहले इसी साल 1 फरवरी को अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ने कहा था कि जुलाई में पूर्ण बजट में सरकार द्वारा विकसित भारत के लक्ष्य का विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया जाएगा। अंतरिम बजट में हालांकि न तो आम आदमी के लिए राहत की कोई विशेष घोषणाएं हुई थी और न ही उन पर कोई बड़ा बोझ लादा गया था लेकिन अंतरिम बजट में भी सरकार का मुख्य फोकस गरीबों और महिलाओं पर ही दिखा था।

आम बजट में सरकार का मुख्य फोकस गरीबों, महिलाओं, युवाओं और अन्नदाताओं पर दिखा है, साथ ही बजट में रोजगार के अवसर बढ़ाने का रोडमैप भी पेश किया गया है। बजट में हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ राहत देने का प्रयास किया गया है। शिक्षा के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया है, जो पिछले बजट की तुलना 32 प्रतिशत ज्यादा है। पूंजीगत व्यय के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो भारत की कुल जीडीपी का 3.4 प्रतिशत होगा। वित्तमंत्री के अनुसार 2024-25 तक वित्तीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है और सरकार का लक्ष्य घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे पहुंचाना है। बजट में देश की समृद्धि को प्रभावित करने वाले कारकों के साथ-साथ लोगों के निजी हितों का भी विशेष ध्यान रखा गया है, साथ ही उन सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तारित करने की भी घोषणा की गई है, जो मौजूदा समय में लोगों के निजी हितों को सकारात्मक तरीके से प्रभावित कर रही हैं। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए इस वर्ष बजट आवंटन 1.52 लाख करोड़ रुपये है। सरकार के मुताबिक किसानों द्वारा खेती के लिए 32 खेत और बागवानी फसलों की 109 नई उच्च उपज वाली और क्लाइमेट रिजीलिएंट किस्में जारी की जाएंगी और अगले दो वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्रमाणीकरण और ब्रांडिंग द्वारा समर्थित प्राकृतिक खेती में शामिल किया जाएगा।

बजट में आम लोगों से लेकर तमाम करदाता टैक्स स्लैब में कमी, स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ाने और 80सी के तहत मिलने वाली छूट को बढ़ाए जाने की आस लगाए हुए थे। नई आयकर व्यवस्था के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार रुपये किया गया है और टैक्स की दरों में भी बदलाव किया गया है। अब 3 लाख तक की आय पर कोई कर नहीं देना होगा, 300001 से 7 लाख रुपये तक की आय पर कर की दर 5 प्रतिशत, 700001 से 10 लाख रुपये तक की आय पर 10 प्रतिशत, 1000001 से 12 लाख रुपये तक की आय पर 15 प्रतिशत, 1200001 से 15 लाख रुपये तक आय पर 20 प्रतिशत और 15 लाख रुपये से ज्यादा आय पर 30 प्रतिशत कर देय होगा। आयकर की पुरानी दरों में 3 से 6 लाख की आय पर 5 प्रतिशत, 6 से 9 लाख की आय पर 10 प्रतिशत, 9 से 12 लाख की आय पर 15 प्रतिशत, 12 से 15 लाख की आय पर 20 प्रतिशत और 15 लाख से ज्यादा आय पर 30 प्रतिशत आयकर का प्रावधान था। आर्थिक विश्लेषकों के अनुसार नई आयकर दरों से करदाताओं को कम से कम 17500 रुपये की बचत होगी। वित्तमंत्री के मुताबिक नई कर व्यवस्था से सरकार को सात हजार करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा लेकिन इससे चार करोड़ वेतनभोगियों को लाभ होगा। फैमिली पेंशन के मामले में पेंशन भोगियों के लिए भी डिडक्शन के आंकड़े को 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार किया गया है। विदेशी कंपनियों के लिए कॉरपोरेट टैक्स की दर 40 प्रतिशत से घटाकर 35 प्रतिशत की गई है और आयकर अधिनियम 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा भी की गई है। हर तरह के स्टार्टअप्स के लिए एंजेल टैक्स हटाने का ऐलान किया गया है।

### इन क्षेत्रों पर फोकस

बजट में जिन प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष रूप से फोकस किया गया है, उनमें रोजगार और कौशल, कृषि में उत्पादकता और लचीलापन, शहरी विकास, बुनियादी ढ़ांचा, ऊर्जा सुरक्षा, अगली पीढ़ी के सुधार, विनिर्माण और सेवाएं, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, नवाचार, अनुसंधान और विकास इत्यादि शामिल हैं। बजट में युवाओं के लिए दो लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं और युवाओं को रोजगार के लिए तीन प्रमुख योजनाओं पर काम करने का ऐलान भी किया है। सरकार 500 शीर्ष कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक योजना शुरू करेगी, जिसमें 5000 रुपये प्रतिमाह इंटर्नशिप भत्ता और 6000 रुपये की एकमुश्त सहायता दी जाएगी और प्रशिक्षण के दौरान होने वाले खर्च को कंपनी सीएसआर फंड से वहन करेगी। वित्तमंत्री के मुताबिक यह सुविधा विकसित करने से युवा पहले की तुलना में ज्यादा कौशलयुक्त होंगे, उनके पास रोजगार के ज्यादा व्यापक साधन होंगे। वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना भी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। रोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2 लाख करोड़ रुपये के आवंटन के साथ पांच योजनाओं के पीएम पैकेज की घोषणा भी की गई है और इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उत्पादन क्षेत्र में रोजगार सृजन को पहली बार कर्मचारियों के रोजगार से जुड़ी योजना के माध्यम से प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य 50 लाख लोगों के लिए अतिरिक्त रोजगार को प्रोत्साहित करना है। छात्रों को 7.5 लाख रुपये 'मॉडल स्किल लोन' का लाभ देने का ऐलान भी बजट में किया गया है, जिससे उन छात्रों को लाभ पहुंचेगा, जो पैसों के अभाव में पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते थे। उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के लोन के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा भी बजट में की गई है।

### मुद्रा ऋण की सीमा बढ़ी

बजट में महिलाओं और लड़कियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए तीन लाख करोड़ रुपये के आवंटन और मुद्रा ऋण की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 रुपये लाख रुपये करने की घोषणा की गई है। एमएसएमई और विनिर्माण पर खास ध्यान देते हुए एमएसएमई को उनके तनाव की अवधि के दौरान बैंक ऋण जारी रखने की सुविधा के लिए नई व्यवस्था की घोषणा की गई है। पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त घर बनाए जाएंगे, जो ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में होंगे। बजट में विभिन्न क्षेत्रों के लिए की गई अन्य विशेष घोषणाओं में शहरी आवास योजना के लिए 10 लाख करोड़ रुपये, ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये, सड़क सम्पर्क परियोजनाओं के लिए 26 हजार करोड़ रुपये, बिहार में हाईवे के लिए 26 हजार करोड़ रुपये, अमरावती के विकास के लिए 15 हजार करोड़ रुपये, 12 औद्योगिक पार्कों को मंजूरी इत्यादि शामिल हैं। भारतीय स्पेस इकोनॉमी के लिए भारतीय अंतरिक्ष संघ और सैटकॉम उद्योग संघ ने कई मांगें सरकार के समक्ष रखी थी। बजट में अंतरिक्ष क्षेत्र में नए स्टार्टअप और रिसर्च के इनीशिएटिव को समर्थन देकर अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में विकास को गति देने के उद्देश्य से स्पेस इकोनॉमी के लिए एक हजार करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फंड स्थापित करने का प्रस्ताव है। वित्तमंत्री का कहना है कि सरकार का प्रयास अगले 10 वर्षों में स्पेस इकोनॉमी को पांच गुना बनाना है।

### ये हुआ सस्ता और महंगा

आम बजट में की गई घोषाओं से आम आदमी को जहां कुछ राहत मिली है तो कुछ चीजें महंगी होने से उनकी जेब पर बोझ भी बढ़ेगा। कुछ वस्तुओं पर कस्टम ड्यूटी घटाने से इनके दाम सस्ते होने से लोगों को इसका लाभ मिलेगा, वहीं कुछ चीजें महंगी भी हो सकती हैं। कुछ टेलिकॉम उपकरणों पर बेसिक कस्टम ड्यूटी 10 से बढ़ाकर 15 फीसदी करने से इनके दाम बढ़ जाएंगे, वहीं प्लास्टिक उत्पादों पर भी कस्टम ड्यूटी बढ़ाने के बाद प्लास्टिक से बनी चीजों के दाम भी बजट के बाद बढ़ सकते हैं। सोलर सेल और सोलर मॉड्यूल बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले सोलर ग्लास पर भी टैक्स बढ़ाया गया है, जिससे सोलर सिस्टम लगवाना थोड़ा महंगा हो सकता है। वहीं, दूसरी ओर कैंसर से जुड़ी बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली दवाओं और उपकरणों पर कस्टम ड्यूटी घटाने से कैंसर का इलाज कुछ सस्ता होने की उम्मीदें बढ़ी हैं। सोने-चांदी के दाम लगातार बढ़ रहे थे, ऐसे में सोने-चांदी पर कस्टम ड्यूटी घटाकर 6 फीसदी करने से सोने और चांदी के गहने कुछ सस्ते हो जाएंगे। निश्चित रूप से यह खासकर महिलाओं के लिए बड़ा तोहफा माना जा सकता है। मोबाइल फोन, मोबाइल चार्जर, बिजली के तार, एक्सरे मशीन, सोलर सेट्स, लैदर, फुटवियर तथा चमड़े से बनी अन्य वस्तुओं पर टैक्स कम करने से इनकी कीमतों में कमी आएगी।

### शिक्षा क्षेत्र के लिए 1.48 लाख करोड़ का आवंटन

बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए 1.48 लाख करोड़ का आवंटन किया गया है, जो शिक्षा मंत्रालय को दिया गया अब तक का सबसे बड़ा आवंटन है। 2023 में केंद्र सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को 112898.97 करोड़ रुपये आवंटित किए थे, वह भी उस समय तक का सबसे ज्यादा आवंटन था लेकिन इस बार सरकार ने उस आंकड़े को भी पीछे छोड़ दिया है। बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट में 89287 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 88956 करोड़ रुपये के आवंटन से थोड़ा ही ज्यादा है। इसे और ज्यादा बढ़ाने की जरूरत महसूस हो रही थी। दरअसल वैश्विक मानकों के अनुसार किसी भी देश को स्वास्थ्य पर कम से कम 3 फीसद खर्च करना चाहिए जबकि भारत में स्वास्थ्य पर करीब 1.3 फीसद ही खर्च हो पा रहा है।

जीवन ऊर्जा

जेनिफर लिन लोपेज : जन्म- 24 जुलाई, 1969

जन्म

जेनिफर लिन लोपेज एक अमेरिकी अभिनेत्री, गायिका, रिकॉर्ड निर्माता, नर्तक, टेलीविजन व्यक्तित्व, फैशन डिजाइनर और टेलीविजन निर्माता हैं। जेनिफर लिन लोपेज का जन्म 24 जुलाई, 1969 को द ब्रोंक्स, न्यूयॉर्क शहर में हुआ था। लोपेज़ ने अपने करियर की शुरुआत टेलीविजन कॉमेडी कार्यक्रम इन लिविंग कलर में एक नर्तकी के रूप में की। इसके बाद अभिनय में कदम रखते हुए उन्हें 1995 की एक्शन-थ्रिलर मनी ट्रेन से पहचान मिली।

## संदेह एक हत्यारा है

मुझे इस बात का कोई अफसोस नहीं है कि मैं किस दौर से गुजरी हूं। मेरे जीवन में उतार-चढ़ाव, अत्यधिक उतार-चढ़ाव और कुछ बहुत ही निम्न स्तर रहे हैं। जब भी सच बोलने में असहजता महसूस हो, तो अक्सर यही सबसे महत्वपूर्ण समय होता है इसे बताने का। असल सुंदरता तो आंतरिक होती है। मुझे लगता है कि वास्तव में जो महत्वपूर्ण है वह है मन, शरीर और आत्मा का संतुलन बनाना। आपको अपने व्यक्तित्व का मूल्य याद रखना होगा कि आपके पास पेश करने के लिए कुछ विशेष और अलग है जो कोई और नहीं कर सकता। जब मैं गलत होऊंगा, तो मैं सबक सीखूंगा और अन्य चुनौतियों का सामना करने के लिए आगे बढ़ूंगा। मैं केवल वही करता



हूं जो मेरा मन मुझसे कहता है। मुझे लगता है कि दूसरे लोगों की सलाह सुनना समझदारी है, लेकिन दिन के अंत में, केवल आप ही हैं जो आपको बता सकते हैं कि आपके लिए क्या सही है। मेरे पास जो कुछ भी है उसके लिए मैं आभारी हूं। मैं इन सबके लिए आभारी हूं। मैं सबसे ज्यादा प्यार के लिए आभारी हूं, क्योंकि मेरे जीवन में यह बहुत है। मैं बस यही चाहता हूं कि मेरा काम खुद बोले। आपका दोस्त आपके साथ आपके नुकसान का शोक मनाता है, क्योंकि वे भी इसका अनुभव करते हैं। संदेह एक हत्यारा है। आपको बस यह जानना है कि आप कौन हैं और आप किसके लिए खड़े हैं। आपको बस अपने सपनों का पीछा करना है और कड़ी मेहनत करनी है।

आपको यह जानने की आवश्यकता है कि कोई भी आपको बचा नहीं सकता या आपको ठीक नहीं कर सकता। केवल आप ही अपने लिए ऐसा कर सकते हैं। कभी-कभी आपको प्रकाश तक पहुंचने और आप जो हैं उसे वापस पाने के लिए अंधेरे का पता लगाना पड़ता है। जीवन घटित होगा और आप इसके साथ चलेंगे।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## समय के महत्व को समझे और हमेशा समय का सदुपयोग करें

समय कभी भी किसी के लिए नही रुकता, इसलिए सही समय पर अपने कार्य करना जरूरी है। समय का महत्व जो इंसान सीख गया, वह जिंदगी में जरूर सफलता प्राप्त करता है। समय बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए हम सभी ने अपने काम समय पर करने चाहिए। समय बहुत मूल्यवान होता है, इसलिए हम सभी ने समय का सदुपयोग करना चाहिए।

कुछ लोग समय से ज्यादा अपने धन को महत्व देते हैं, लेकिन समय को बलवान समझना चाहिए। समय किसी के लिए नहीं रुकता है, यह निरंतर चलता रहता है। यह समय ही है, जो हमें धन, समृद्धि और खुशी प्रदान करता है हालांकि, इस संसार में कुछ भी समय को नहीं दे सकता। समय का केवल उपयोग किया



जा सकता है; कोई भी समय को खरीद या बेच नहीं सकता। बहुत से लोग अपना जीवन अर्थहीन ढंग से जी रहे हैं। वे समय का उपयोग केवल अपने दोस्तों के साथ खाने, खेलने या अन्य आलसी क्रियाओं को करने में करते हैं।

जो लोग समय का सदुपयोग करना नहीं जानते उनका जीवन भी अनुपयोगी बन जाता है। समय को काटो नहीं अपितु जिओ। समय काटना अर्थात समय का दुरूपयोग करना और समय को जीना अर्थात समय का सदुपयोग करना। हमारे शास्त्रों में स्पष्ट कहा गया है कि मनुष्य अपनी नासमझी में अपने जीवन को व्यर्थ गंवाता है।

'कालो न यातो वयमेव याताः' अर्थात मनुष्य समझता है कि वह समय काट रहा है मगर सच्चाई यह है, कि वह समय को नहीं अपितु समय ही उसे काट रहा है। समय उन लोगों द्वारा ही जिया जाता है जो निरंतर पुरुषार्थ में लगे हुए हैं। जो नयें सृजन और सफल होने के लिए निरन्तर कर्म करने में विश्वास रखते हैं।

मेहनत को छोड़ केवल किस्मत में विश्वास रखने वाले मनुष्य ही समय को जीने की अपेक्षा काटने में लगे रहते हैं। प्रत्येक क्षण का सदुपयोग करना सीखो ताकि आपका प्रभात शुभप्रभात और रात्रि शुभरात्रि बन सके एवं स्वयं के जीवन को भी आप उन्नति और उत्थान की ओर अग्रसर कर सकें।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।

मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

## लालच

एक दिन चरवाहा अपनी बकरियों को लेकर जंगल में चराने ले गया। वहा जंगल में चरवाहा को बहुत सारी जंगली बकरिया भी दिखाई दी। उसकी नियत बिगड़ गई उसने सोचा की यह जंगली बकरियों को में अपनी बकरियों के साथ में मिला लेता हु। चरवाहा जंगली बकरियों को सभी तरह से देखभाल करने लगा। जंगली बकरियों के लालच में उनकी देखभाल में इतना व्यस्त हो गया की वह अपनी बकरियों का देखभाल करना ही भूल गया। जैसे बारिश का मौसम चला गया वैसे ही



जंगली बकरिया मौका देखकर भाग गए। जब पता चला तो चारवाहा सोचने लगा कि कोई बात नही मेरी बकरियां तो मेरे पास है। अब सिर्फ मुझे अपनी बकरियों पर ही ध्यान देना होगा। पर बहुत देर हो चुकी थी, क्योंकि बकरियां बहुत कमजोर हो चुकी थी और कुछ दिनों में वे सभी बकरिया धीरे धीरे मरने लगी। उस जंगली बकरियों के चक्कर में चरवाह अपनी बकरियों से भी हाथ धो बैठा। ज्यादा लालच से इंसान के पास जो भी होता है वो भी चला जाता है।

सुविचार



जिस समय जिस काम के लिए प्रतिज्ञा करो, ठीक उसी समय पर उसे करना ही चाहिए, नहीं तो लोगों का विश्वास उठ जाता है।

यह अखबार “माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. ” के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# भीगे हुए मेवे के फायदे

भीगे हुए मेवे आपके आहार में स्वादिष्ट और सेहतमंद होते हैं। बादाम, अखरोट और काजू जैसे मेवों को भिगोकर आप उन्हें पचाने में आसान बना सकते हैं और उनके पोषण मूल्य को बढ़ा सकते हैं। भिगोने से पोषक तत्वों के अवशोषण को रोकने वाले यौगिक टूट जाते हैं और मेवे नरम और अधिक स्वादिष्ट बन जाते हैं। यह सरल प्रक्रिया आपके पाचन, हृदय स्वास्थ्य, त्वचा स्वास्थ्य को बेहतर बना सकती है और वजन प्रबंधन में भी मदद कर सकती है। भीगे हुए मेवों का आनंद लेना इन पौष्टिक स्नैक्स से अधिक लाभ प्राप्त करने का एक आसान तरीका है।



### बेहतर पोषक तत्व

बादाम, अखरोट और काजू को भिगोने से आपके शरीर को अधिक पोषक तत्व अवशोषित करने में मदद मिल सकती है। इन नट्स में फाइटिक एसिड होता है, जो आयरन, जिंक और कैल्शियम जैसे खनिजों से जुड़ सकता है और उनके अवशोषण को कम कर सकता है। भिगोने से फाइटिक एसिड को तोड़ने में मदद मिलती है, जिससे आपके शरीर के लिए इन आवश्यक खनिजों को अवशोषित करना आसान हो जाता है। इसका मतलब है कि आपको नट्स से अधिक पोषण मिलता है।

### आसान पाचन

भीगे हुए बादाम, अखरोट और काजू पचाने में आसान होते हैं। नट्स में एंजाइम अवरोधक होते हैं जो उन्हें आपके पाचन तंत्र में तोड़ना मुश्किल बना सकते हैं। भिगोने से ये एंजाइम अवरोधक बेअसर हो जाते हैं, जिससे आपका पाचन तंत्र नट्स को अधिक कुशलता से संसाधित कर सकता है। यह पाचन संबंधी परेशानी को कम कर सकता है और पोषक तत्वों के अवशोषण में सुधार कर सकता है।

### बढ़े हुए एंटीऑक्सीडेंट स्तर

बादाम और अखरोट जैसे मेवों को भिगोने से उनके एंटीऑक्सीडेंट स्तर बढ़ सकते हैं। एंटीऑक्सीडेंट आपकी कोशिकाओं को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। भिगोए हुए मेवे खाने से आपके शरीर को अधिक एंटीऑक्सीडेंट मिल सकते हैं, जो सूजन को कम करने और समग्र स्वास्थ्य का समर्थन करने में मदद कर सकते हैं।

### हृदय को रखे स्वास्थ्य

बादाम, अखरोट और काजू स्वस्थ वसा, विशेष रूप से मोनोअनसैचुरेटेड और पॉलीअनसेचुरेटेड वसा से भरपूर होते हैं। इन मेवों को भिगोने से उनके स्वस्थ वसा आपके शरीर के लिए अधिक सुलभ हो सकते हैं। भिगोए हुए मेवे खाने से खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके और अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाकर हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। यह हृदय रोग के जोखिम को कम कर सकता है और समग्र हृदय स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है।

### स्किन को रखे हेल्दी

भीगे हुए बादाम और अखरोट त्वचा के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। इनमें विटामिन और खनिज होते हैं जो स्वस्थ त्वचा को बढ़ावा दे सकते हैं। भिगोने से ये पोषक तत्व आपके शरीर को अधिक उपलब्ध हो सकते हैं, जिससे त्वचा की लोच बनाए रखने, उम्र बढ़ने के संकेतों को कम करने और समग्र त्वचा की रंगत में सुधार करने में मदद मिलती है।

### वजन को करे कंट्रोल

भीगे हुए मेवे वजन को कंट्रोल करने में मददगार हो सकते हैं। वे पेट भरने वाले होते हैं और भूख को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं, जिससे अधिक खाने की संभावना कम हो जाती है। भीगे हुए मेवों से बेहतर पाचन और पोषक तत्वों का अवशोषण भी स्वस्थ चयापचय का समर्थन कर सकता है, जिससे वजन प्रबंधन में सहायता मिलती है।

# सुबह के पौष्टिक नाश्ते से वजन को करे कंट्रोल

वजन को नियंत्रित करने के लिए स्वस्थ नाश्ता बहुत ज़रूरी है। हमारे पास कई स्वादिष्ट और पौष्टिक विकल्प हैं जिससे लंबे समय तक भूख महसूस नहीं होती है। साथ ही यह आपको ऊर्जावान बनाए रखते हैं। सुबह सही खानपान से आपकी भूख को नियंत्रित करने और आपके वजन घटाने के लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिल सकती है। यहां कुछ सरल और स्वादिष्ट नाश्ते दिए गए हैं जो वजन कंट्रोल में सहायक हैं।



### पोहा

पोहा चपटे चावल से बनाया जाता है, जो हल्का और पचने में आसान होता है। आप इसे अधिक पोषक तत्व जोड़ने के लिए मटर, गाजर और बीन्स जैसी सब्जियों के साथ पका सकते हैं। नींबू का रस और कुछ ताजा धनिया के पत्तों का छिड़काव अतिरिक्त कैलोरी जोड़े बिना स्वाद को बढ़ाता है।

### इडली

इडली उबले हुए चावल के केक हैं जो कैलोरी में कम होते हैं और पेट के लिए आसान होते हैं। इन्हें आमतौर पर सांभर, दाल-आधारित सब्जी स्टू और नारियल की चटनी के साथ परोसा जाता है। इडली और सांभर का संयोजन प्रोटीन, फाइबर और विटामिन का एक अच्छा मिश्रण प्रदान करता है, जिससे आपको लंबे समय तक भूख नहीं लगती है।

### उपमा

उपमा सूजी से बनाया जाता है और इसे टमाटर, मटर और गाजर जैसी सब्जियों के साथ पकाया जा सकता है। काजू या बादाम जैसे कुछ मेवे डालने से यह और भी ज़्यादा भर जाता है। उपमा में वसा कम और फाइबर अधिक होता है, जो इसे नाश्ते के लिए एक बढ़िया विकल्प बनाता है।

### दलिया

दलिया, या टूटा हुआ गेहूं, नाश्ते का एक और बढ़िया विकल्प है। इसे दूध या पानी के साथ पकाया जा सकता है और दालचीनी या इलायची जैसे मसालों से इसका स्वाद बढ़ाया जा सकता है। केले, सेब या जामुन जैसे फल मिलाने से यह और भी पौष्टिक हो सकता है। दलिया में फाइबर अधिक होता है और यह आपको लंबे समय तक भरा हुआ रखने में मदद करता है।

### मूंग दाल चीला

मूंग दाल चीला पिसी हुई मूंग दाल (हरे चने) से बना एक स्वादिष्ट पैनकेक है। इसमें प्रोटीन अधिक और कैलोरी कम होती है। आप इसके पोषण मूल्य को बढ़ाने के लिए बैटर में प्याज, टमाटर और पालक जैसी बारीक कटी हुई सब्जियां मिला सकते हैं। स्वादिष्ट और सेहतमंद नाश्ते के लिए इसे हरी चटनी या दही के साथ परोसें।

# अचूक फायदे वाला गुलकंद, कर देगा गदगद

गुलकंद एक स्वादिष्ट मिठाई की तरह है। गुलाब की पंखुड़ियों और चीनी से बना यह व्यंजन कई आश्चर्यजनक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। आपके शरीर को ठंडा रखने से लेकर पाचन में सुधार और ऊर्जा बढ़ाने तक, गुलकंद आपके आहार में एक सहायक जोड़ हो सकता है। साथ ही, यह आपकी त्वचा को चमकदार बना सकता है और तनाव को कम करता है। आइए जानें कि गुलकंद आपके स्वास्थ्य के लिए कैसे अच्छा हो सकता है!



### पाचन में सहायता करता है

गुलकंद पाचन के लिए अच्छा है। यह कब्ज, एसिडिटी और अपच से राहत दिलाने में मदद करता है। गुलकंद आपकी भूख को भी बेहतर बना सकता है और पेट की जलन को शांत कर सकता है। अपने आहार में गुलकंद को शामिल करने से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है।

### एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर

गुलकंद में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो आपके शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। ये एंटीऑक्सीडेंट आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा दे सकते हैं, सूजन को कम कर सकते हैं और समग्र स्वास्थ्य का समर्थन कर सकते हैं। गुलकंद का नियमित सेवन बेहतर स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती में योगदान दे सकता है।

### ऊर्जा को बढ़ाता है

गुलकंद आपके ऊर्जा स्तर को बढ़ा सकता है। यह ऊर्जा का एक प्राकृतिक स्रोत है और थकान को कम करने में मदद कर सकता है। गुलकंद का सेवन करने से आप पूरे दिन अधिक ऊर्जावान और सक्रिय महसूस कर सकते हैं।

### तनाव कम करता है

गुलकंद में शांत करने वाले गुण होते हैं जो तनाव और चिंता को कम करने में मदद कर सकते हैं। यह आपके मूड को बेहतर बना सकता है और मानसिक विश्राम को बढ़ावा दे सकता है। अपने आहार में गुलकंद को शामिल करने से आप अधिक आराम और खुश महसूस कर सकते हैं।

### मासिक धर्म की समस्याओं से निजात दिलाता है

गुलकंद ऐंठन और भारी रक्तस्राव जैसी मासिक धर्म की समस्याओं में मदद कर सकता है। इसमें ऐसे गुण होते हैं जो हार्मोन को संतुलित कर सकते हैं और मासिक धर्म के दौरान होने वाली परेशानी को कम कर सकते हैं। गुलकंद का सेवन करने से आपका मासिक धर्म चक्र अधिक आरामदायक हो सकता है।

# गर्म चाय या पानी से जली हुई जीभ का आसान इलाज

गर्म चाय या पानी से जीभ जलना बहुत ही असहज हो सकता है। शुक्र है, दर्द को कम करने और जल्दी ठीक होने में मदद करने के लिए आसान घरेलू उपचार मौजूद हैं। ठंडे पानी से कुल्ला करना, बर्फ के टुकड़े इस्तेमाल करना या शहद लगाना जैसे सरल उपाय जल्दी राहत प्रदान कर सकते हैं। इन उपायों का पालन करके, आप अपनी जीभ को बेहतर महसूस करा सकते हैं और जलन से जल्दी ठीक हो सकते हैं।



### ठंडे पानी से कुल्ला करें

ठंडे पानी से कुल्ला करना दर्द से राहत पाने का सबसे तेज़ तरीका है। ठंडा पानी जले हुए हिस्से को ठंडा करने और सूजन को कम करने में मदद करता है। कुछ सेकंड के लिए अपने मुंह के चारों ओर थोड़ा ठंडा पानी घुमाएँ, फिर इसे थूक दें। राहत के लिए जितनी बार ज़रूरत हो, ऐसा करें।

### बर्फ के टुकड़े

बर्फ के टुकड़े चूसने से दर्द कम हो सकता है और सूजन कम हो सकती है। बर्फ के टुकड़ों को अपने मुंह में धीरे-धीरे पिघलने दें, जिससे जले हुए हिस्से को ठंडक और आराम मिलता है। बर्फ के बड़े टुकड़ों को सीधे जीभ पर रखने से बचें, क्योंकि इससे अतिरिक्त दर्द हो सकता है।

### एलोवेरा जेल

एलोवेरा अपने उपचार गुणों के लिए जाना जाता है। जली हुई जीभ पर थोड़ी मात्रा में शुद्ध एलोवेरा जेल लगाने से दर्द से राहत मिलती है और घाव भरने में मदद मिलती है। जेल को धीरे से लगाने के लिए साफ उंगली या रुई का इस्तेमाल करें।

### शहद

शहद जीवाणुरोधी गुणों वाला एक प्राकृतिक उपचारक है। जले हुए हिस्से पर शहद की एक पतली परत लगाने से दर्द कम हो सकता है और जीभ नम बनी रहती है, जिससे घाव भरने की प्रक्रिया में तेज़ी आती है। बेहतरीन नतीजों के लिए कच्चे शहद का इस्तेमाल करें।

### दूध

ठंडा दूध पीने से जीभ को ठंडक मिलती है और जलन को शांत करने वाले वसा की परत जम जाती है, जिससे तुरंत राहत मिलती है। जलन को कम करने के लिए एक छोटा गिलास ठंडा दूध पिएँ।

### नमक के पानी से करें कुल्ला

नमक के पानी से कुल्ला करने से घाव को साफ करने और बेचैनी को कम करने में मदद मिल सकती है। एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच नमक मिलाएँ और इससे अपना मुँह कुल्ला करें। यह कुल्ला संक्रमण को रोकने और घाव भरने में मदद कर सकता है।

### जलन पैदा करने वाली चीज़ों से बचें

जब आपकी जीभ ठीक हो रही हो, तो गर्म, मसालेदार या अम्लीय खाद्य पदार्थ और पेय पदार्थ खाने से बचें। ये जले हुए हिस्से को जलन पैदा कर सकते हैं और घाव भरने की प्रक्रिया को धीमा कर सकते हैं। जलन से बचने के लिए दही या मसले हुए आलू जैसे नरम, फीके खाद्य पदार्थों का सेवन करें।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — व्यवसाय-व्यापार मनोनुकूल चलेगा। आय बनी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा, सावधानी रखें। बुरी खबर मिल सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। मेहनत अधिक होगी।

**वृष** — सामाजिक कार्य करने का मन लगेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** — पुरानी संगी-साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क** — बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी।

**सिंह** — दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। फालतू खर्च पर नियंत्रण नहीं रहेगा। हल्की मजाक करने से बचें। अपेक्षित काम में विलंब होगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम से काम रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कन्या** — यात्रा लाभदायक रहेगी। संतान पक्ष से बुरी खबर मिल सकती है। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं।

**तुला** — सामाजिक कार्य करने में मन लगेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से लाभ होगा।

**वृश्चिक** — चोट व रोग से कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**धनु** — चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दौड़धूप रहेगी।

**मकर** — यात्रा लाभदायक रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। सरकारी कामों में सहूलियत होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर में सुख-शांति रहेंगे। कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ** — ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**मीन** — पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। आनंद के साथ समय व्यतीत होगा। मनपसंद व्यंजनों का लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी।

# जाने श्रापित दोष के बारे में

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, श्रापित दोष कुंडली में आपके पिछले जन्म में किए गए गलत कार्यों के कारण लगता है। ऐसे में अगर कोई जातक समय रहते श्रापित दोष से नकारात्मक प्रभावों को कम करने का उपाय नहीं करता है, तो सोना, बैठना, खाना तक मुश्किल हो जाता है।



### क्या है श्रापित दोष

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, कुंडली में श्रापित दोष तब बनता है, जब कुंडली में राहु और शनि ग्रह कुंडली में पहले, चौथे, सातवें, आठवें और बारहवें घर में युति करते हैं। ऐसे में व्यक्ति के जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

### श्रापित दोष का प्रभाव:--

अगर किसी जातक की कुंडली में श्रापित दोष है,तो उसे हमेशा आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। श्रापित दोष होने पर बिजनेस में लगातार घाटा होता है और कभी भी तरक्की नहीं होती है।



प्रियंका जैन
9769994439

श्रापित दोष अगर किसी व्यक्ति की कुंडली में है, तो वह खुद बीमार रहता है या फिर घर का कोई न कोई सदस्य बीमार बना रहता है। वैवाहिक जीवन में कलह मची रहती है और कभी भी सुख की प्राप्ति नहीं होती है। कई बार रिश्ता टूटने तक की नौबत आ जाती है। श्रापित दोष होने पर जातक संतान सुख से वंचित रह जाता है। श्रापित दोष कुंडली में होने से दोस्तों से ज्यादा दुश्मन बनते हैं। ऐसे में कोर्ट-कचहरी के अधिक चक्कर लगाने पड़ते हैं। कुंडली में श्रापित दोष होने से लिखाई-पढ़ाई पर भी बुरा असर पड़ता है। अगर किसी जातक की कुंडली में श्रापित दोष होता है, तो अन्य शुभ दोष भी कमजोर पड़ जाते हैं। जिसके कारण शुभ फलों की प्राप्ति नहीं होती है। श्रापित दोष के नकारात्मक प्रभाव को कम करने के उपायः--

- अगर आपकी कुंडली में श्रापित दोष है, तो मंगलवार और शनिवार के दिन मौन व्रत रखें। इसके साथ ही चावल बनाकर इसमें घी मिलाकर गाय, मछली और कौआ को खिलाएं। कुंडली में राहु और शनि ग्रह को शांत करके श्रापित दोष से निजात पाया जा सकता है। इसके लिए आप रत्न को धारण कर सकते हैं। रोजाना शिव मंदिर जाएं और जल में थोड़ा सा दूध और हल्दी मिलाकर शिवलिंग में अर्पित करें। शनिवार के दिन शनिदेव की पूजा करने के साथ सरसों के तेल का दीपक जलाएं। इसके साथ ही तिल, उड़द, सरसों का तेल आदि का दान करें।

IGR INDIA GROUND REPORT दो बजे दोपहर



## खबर संक्षेप

### कुख्यात साइबर अपराधी प्रदीप मंडल समेत पांच दोषियों को 5-5 साल की सजा

**जामताड़ा।** जामताड़ा के कुख्यात साइबर अपराधी प्रदीप मंडल समेत पांच अपराधियों को रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने पाँच पाँच साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही ढाई-ढाई लाख रुपये का दंड लगाया है। पीएमएलए कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर आरोप पत्र पर सुनवाई का बाद 20 जुलाई को मनी लाउंड्रिग का दोषी करार दिया था। इडी द्वारा इन अपराधियों की 65 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति ज़ब्त की जा चुकी है।

### सरयू का जलस्तर में 24 घंटे में 10 सेमी घटा

**मऊ।** सरयू नदी का जलस्तर अब तेजी से घटने लगा है। जिससे तटवर्ती क्षेत्रों में बाढ़ की संभावना कम होने से लोगों की धड़कने कुछ कम हुई हैं। वहीं बीते 24 घंटे में 10 सेमी की कमी दर्ज की गई है। इससे लोग राहत की सांस ले रहे हैं। लेकिन जलस्तर घटने के साथ ही तटवर्ती क्षेत्रों में कटान का खतरा बढ़ गया है। परमहंस बाबा कुटी के सामने नदी दलदलीय जमीन को काटते हुए आगे की तरफ बढ़ रही है। जिससे लोग चिंतित नजर आ रहे हैं। वहीं मुक्तिधाम पर सिंचाई विभाग डेरा डालकर बोल्डरों को बचाने में जुटा हुआ है। नदी के जलस्तर पर नजर डाले तो सोमवार को 70.20 मिटर पर था। जो मंगलवार को दोपहर तक 10 सेमी घटकर 70.10 मीटर पर पहुंच कर स्थिर हो गया है। वहीं लोगों का मानना है कि जब नदी तेजी से घटती है तो उसी तरह तेजी अचानक बढ़ जाती है। घटते जलस्तर जहां तटवर्ती इलाकों के लोगों ने राहत की सांस ली है तो वहीं बाढ़ खंड आजमगढ़ के क्षेत्र चिऊटीडांड से लेकर परमहंस बाबा कुटी तक रुक -रुककर कटान हो रही है। परमहंस बाबा कुटी के सामने और सरहरा पुरवे के पास नदी धीरे-धीरे कटान कर रही है। उधर, धनौली रामपुर से लेकर मुक्तिधाम तक बोल्डरों को बचाने के लिए सिंचाई विभाग मऊ के कर्मचारी युद्ध स्तर पर लगे हुए हैं।

### दबंगों पर जल्द होगी कार्रवाई

**अलवर।** जिले की मालाखेड़ा तहसील के मिर्जापुर गांव में जोहड़ और मुख्य रास्ते पर कथित दबंगों की ओर से किए गए अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में रोष है। इस मामले में गांव के लोगों ने कलक्टर और मालाखेड़ा एसडीएम को पूर्व में भी शिकायत दी थी, लेकिन कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर मंगलवार सुबह 11 बजे फिर ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंच उन्हें कार्रवाई की मांग का ज्ञापन सौंपा।

# शराब के ठिकाने पर छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की पुलिस पर हमला

**एजेंसी । सासाराम।**

सासाराम में शराब बेचने की सूचना पर छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की पुलिस पर शराब माफियाओं ने हमला कर दिया है। इस दौरान हमलावरों द्वारा जमकर फायरिंग की गई। जिसमें उत्पाद विभाग के सिपाही को गोली लग गई है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तारगंज की बताई जा रही है।

गोली लगने से घायल सिपाही आरा के गोविंद कुमार बताए जा रहे हैं। जिनको इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया है। डॉक्टरों का कहना है की गोली सिपाही के बाएं कंधे में फंस गई है।



### जिला में कई बार पुलिस पर हमला

बता दें कि जिले में पुलिस पर हमले का मामला लगातार सामने आ रहा है। पिछले महीने भी अपराधियों द्वारा दरिगांव थाना क्षेत्र में एक पुलिस को गोली मार दी गई थी। वही दो-तीन दिन पहले भी डेहरी थाना क्षेत्र में बाइक सवार युवकों की गैंग ने शराब की जांच कर रहे पुलिसकर्मियों पर लाठी डंडों से हमला किया था।

### सूचना मिलने पर छापेमारी करने गई थी उत्पाद विभाग की टीम

बताया जा रहा है कि उत्पाद विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तारगंज में कुछ लोग शराब बेचने और खरीदने का काम करते हैं। सूचना के आधार पर जब टीम पहुंची तो शराब बेचने वाले एकजुट हो गए और पुलिस के साथ बदसलूकी करने लगे। जब उत्पाद विभाग की टीम सख्ती दिखाई तो उनलोगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें गोली लगने से उत्पाद विभाग के एक जवान घायल हो गया।

# काशी विश्वनाथ की तर्ज पर बिहार में विकसित होगा विष्णुपद मंदिर और बोधगया महाबोधि मंदिर

**एजेंसी । पटना**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बिहार के विश्व प्रसिद्ध धार्मिक-पर्यटन केंद्रों गया के विष्णुपद मंदिर और बोधगया के महाबोधि मंदिर को काशी विश्वनाथ की तर्ज पर कॉरिडोर में विकसित करने का ऐलान किया है। बजट 2024-25 पेश करते हुए उन्होंने ये बात कही। इसके साथ ही उन्होंने आगे कहा कि राजगीर, नालंदा को वैश्विक पर्यटन के केंद्रबिंदु के तौर पर विकसित किया जायेगा। केंद्र सरकार इसपर विशेष ध्यान देगी।

### वित्त मंत्री ने क्या कहा



लोकसभा में वित्त मंत्री ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि "हमारी सरकार भारत को ग्लोबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में हमारी सरकार बिहार के गया में स्थित विष्णुपाद मंदिर और बोधगया के महाबोधि मंदिर को विकिसित करने का फैसला किया है। क्योंकि इनकी पूरे दुनिया में एक अलग पहचान है। उन्होंने आगे कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर ही बिहार के विष्णुपाद कॉरिडोर और महाबोधि कॉरिडोर को विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही राजगीर जो कि हिंदुओं, जैनियों और बुद्धों का प्रसिद्ध तीर्थ स्थान है उसे भी विश्वस्तरीय डेस्टिनेशन की तर्ज पर तैयार किया जायेगा। इसमें 20वें तीर्थंकर मुनीश्वर जैन मंदिर, सप्तऋषियों से जुड़ी जगह और गर्म पानी के पवित्र कुंड के आसपास के इलाकों को भी शामिल कर विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही नालंदा को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। नालंदा विश्वविद्यालय को उसके गौरवशाली स्वरूप में पुनर्जीवित किया जाएगा।"

# बस्ती में पकड़ा गया गोरखपुर कचहरी से भागा हत्यारोपित बंदी

**एजेंसी । गोरखपुर**




गोरखपुर कचहरी से सोमवार को सुरक्षाकर्मियों को चकमा देकर फरार हुए हत्यारोपित बंदी सोनू सिंह को गोरखपुर पुलिस ने बस्ती के रूधौली थाना क्षेत्र के सुरवार खुर्द गांव से दबोच लिया। वह अपनी बहन के घर गया था। सिकरीगंज के बारीगांव में रहने वाले सोनू सिंह ने आठ जनवरी 2021 को रुपये के बंटवारे को लेकर विवाद होने पर अपने बड़े भाई 49 वर्षीय बालेंद्र सिंह की कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद आरोपित कुल्हाड़ी लेकर घर पर बैठा रहा। गांव के चौकीदार करिया की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जेल भेजा था। विवेचना में चचेरे भाई उमेश सिंह का नाम पुलिस ने बढ़ाया था। आठ मई 2022 को इस मामले में सिकरीगंज थाना पुलिस ने सोनू व उमेश के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया था।इस मामले में उमेश को जमानत मिल गई थी।जेल में निरुद्ध सोनू की सोमवार को पेशी थी।न्यायालय में पेश होने के बाद लौटते समय वह सुरक्षाकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया।जिला कारागार में सोनू बैरक नंबर 22 में निरुद्ध था। गोरखपुर पुलिस ने उसे बस्ती से दबोच लिया है।

# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

**एजेंसी । वाराणसी**

टिकरा गांव (मिर्जामुराद) में सोमवार देर रात पति से विवाद के बाद कमरे में गई विवाहिता ने पंखे में दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी।

मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के टिकरा गांव निवासी अभिषेक सिंह (गोलू) की 23 वर्षीय पत्नी सेजल सिंह सोमवार रात खाना बनाकर कमरे चली गई। चर्चा के सनुसार उसी दौरान किसी बात को लेकर पति अभिषेक से विवाद हो गया।विवाद के बाद अभिषेक कमरे से बाहर आकर हाल में सो गया। मंगलवार सुबह पति अभिषेक जब कमरे का दरवाजा खुलवाने लगा तो दरवाजा नही खुला तो परिजनों के साथ मिलकर दरवाजा तोड़कर खोला गया तो देखा कि पत्नी सेजल पंखे में दुपट्टे के सहारे फांसी का फन्दा लगाकर झूली हुई है। परिजनों द्वारा विवाहिता के मायके चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के कुडरिया निवासी विवाहिता के पिता मनोहर सिंह को सूचना दिया गया। सूचना के बाद मायके वाले विवाहिता के ससुराल पहुंच गए। विवाहिता के पति द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दिया गया। सूचना पर एसीपी (राजातालाब) अजय कुमार श्रीवास्तव व प्रभारी निरीक्षक मिर्जामुराद अजय राज वर्मा पहुंचकर शव को पंखे से नीचे उतरवाने के बाद फोरेंसिक टीम को सूचना दी। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के बाद चली गई। पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजने के बाद विवाहिता के मौत की जांच पड़ताल में जुट गई। विवाहिता के शादी को अभी दो वर्ष ही हुए थे। विवाहिता बी.ए प्रथम वर्ष की छात्रा बताई गई।

# ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात महिला की मौत

**एजेंसी । गोमो**

खड़कपुर रेलवे लाइन के गोपालीचक नंबर 2 कोयला डंप करकेंद के बीच स्थित पोल संख्या 331/जेएम – 1 और 330/जेएम – 21 के बीच सोमवार की सुबह आठ बजे बीएनआर पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से 63 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। शव को पुटकी पुलिस एवं जीआरपी ने जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की शिनाख्त नहीं हो पायी है। लोगों के अनुसार उक्त महिला को सुबह करीब सात बजे करकेंद पारबाद पुल के समीप पानी पीते देखा गया है। करीब आठ बजे वो रेल लाईन के समीप पंहुची है और जैसे ही ट्रेन महिला के नजदीक आयी, वह उससे टकरा गयी। इससे महिला के सिर पर चोट लग गयी। मौके पर ही उसकी मौत हो गयी।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव



पुटकी में रेलवे लाइन पर सोमवार पुटकी पुलिस को एक युवक का कटा हुआ शव मिला। पुलिस ने शव की शिनाख्त की कोशिश की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पायी। इसके बाद पुलिस शव को एसएनएमएमसीएच के मर्चरी में रखवा दिया। शव का पोस्टमार्टम 72 घंटे के बाद किया जायेगा। युवक ने टीशर्ट व नीले रंग की जींस पहन रखी है।

# 20 हजार रुपए रिश्वत लेते एएसआई गिरफ्तार

**एजेंसी । लातेहार**

पलामू भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने मंगलवार को लातेहार जिले में बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने लातेहार जिले के बारियातू थाना में पदस्थापित एएसआई (पुलिस अवर निरीक्षक) धीरेंद्र कुमार सिंह (55 वर्ष) को 20 हजार रुपए घूस लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी के पदाधिकारी गिरफ्तार पुलिस अवर निरीक्षक से पूछताछ कर रहे हैं।

### अफीम के केस में फंसाने की धमकी देकर मांग रहा था रुपए

एसीबी के प्रमंडलीय कार्यालय पलामू ने इस संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है कि लातेहार के बारियातू थाने में अफीम रखने को ले क र एक मामला दर्ज किया गया है।इस मामले में वादी जय कुमार राणा के भतीजे संतोष राणा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।



### घूस लेते रंगेहाथ अरेस्ट

एसीबी के पलामू छापामारी दल ने दंडाधिकारी एवं दो स्वतंत्र गवाहों के समक्ष पुलिस अवर निरीक्षक धीरेंद्र कुमार को 20 हजार रुपए बतौर घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। एएसआई धीरेंद्र कुमार बिहार के कैमूर जिले के हरिनाथपुर के अहिनौरा गांव का रहने वाला है।

# बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे के बनने का रास्ता साफ

### चार घंटे में पूरी होगी दोनों शहरों के बीच की दूरी

**एजेंसी । पटना**

बजट 2024-25 में बिहार को सड़कों को बड़ी सौगात मिली है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को सदन में बजट पेश करते हुए पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस वे के साथ साथ बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस वे के निर्माण के लिए 26 हजार करोड़ रुपये देने का एलान किया है।



### इन शहरों को फायदा

बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे के बनने से बक्सर, भोजपुर, रोहतास, अरवल, औरंगाबाद, गया, जहानाबाद, नवादा, जमुई, शेखपुरा, बांका और भागलपुर के लोगों को फायदा पहुंचेगा। बक्सर से भागलपुर का सफर पूरा करने में फिलहाल 9 घंटे का समय लगता है। इसके लिए लोगों को 380 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। एक्सप्रेस वे के बनने से यह सफर मात्र चार घंटे में पूरी की जा सकेगी।

## व्यापार जगत

# लॉन्ग टर्म निवेश पर 25 हजार की टैक्स छूट

**1,278 अंक गिरने के बाद संभला मार्केट**
**निवेश पर टैक्स बढ़ाकर 20% तक करने का असर**

**एजेंसी । मुंबई**

बजट के दिन 23 जुलाई को शेयर बाजार में पहले गिरावट और फिर रिकवरी देखने को मिली। बजट स्पीच के दौरान सेंसेक्स 1,278 अंक 79,224 पर पहुंच गया था। हालांकि, मार्केट क्लोजिंग से पहले इसने रिकवरी कर ली और ये 73 अंक की गिरावट के साथ 80,429 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट और 13 में तेजी देखने को मिली। वहीं, निफ्टी भी बजट स्पीच के दौरान 435 अंक गिरकर 24,074 पर पहुंच गया था। मार्केट बंद होने के पहले इसने भी रिकवरी कर ली और 30 अंक की गिरावट के साथ 24,479 के स्तर पर बंद हुआ।

## बजट 2024

### इस हफ्ते अब तक 175 अंक गिरा सेंसेक्स




### शार्ट टर्म कैपिटल गेन पर टैक्स रेट 15% से बढ़ाकर 20% किया गया

दरअसल, सरकार ने बजट में इक्विटी में इन्वेस्ट करने वालों पर होने वाले शार्ट टर्म कैपिटल गेन पर टैक्स रेट 15% से बढ़ाकर 20% कर दिया। इसके अलावा लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर टैक्स दर (LTCG) 10% से बढ़ाकर 12.5% करने का ऐलान किया गया है। इसका सीधा असर शेयर बाजार में निवेश करने वाले लोगों पर पड़ने वाला है, जिसकी प्रतिक्रिया में मार्केट अचानक गिर गया।

### स्मॉल कैप में निचले स्तर से 2,062 अंक की रिकवरी

BSE मिडकैप ने 44,961 का डे लो बनाकर 345 अंक की गिरावट के साथ 46,504 के स्तर पर बंद हुआ। निचले स्तर से इसमें 1,543 अंक की रिकवरी आई।

BSE स्मॉल कैप ने 50,761 का डे लो बनाकर 93 अंक की गिरावट के साथ 52,823 के स्तर पर बंद हुआ। निचले स्तर से इसमें 2,062 अंक की रिकवरी आई।

### फ्यूचर एंड ऑप्शन पर STT टैक्स बढ़ाने का भी ऐलान

बजट में सरकार ने फ्यूचर एंड ऑप्शन (F&O) में सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स यानी STT बढ़ा दिया है। फ्यूचर ट्रांजैक्शन पर STT को 0.0125% से बढ़ाकर 0.02% कर दिया गया है। वहीं, ऑप्शन ट्रांजैक्शन पर 0.0625% से बढ़ाकर 0.1% लगाने का ऐलान किया गया है। चार्टर्ड अकाउंटेंट कार्तिक गुप्ता का कहना है कि फ्यूचर एंड ऑप्शन पर छोटे निवेशकों के बढ़ते रुझान और उसमें उन्हें हो रहे घाटे पर सरकार ने संज्ञान लिया है। इसलिए ऐसे निवेशकों को डिमोटिवेट करने के लिए इस बजट में STT को बढ़ाने की घोषणा की गई है।

### रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.29% की गिरावट रही

NSE के सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.29% की गिरावट देखने को मिली। वहीं,फाइनेंशियल सर्विस में 1.50%, PSU बैंक में 1.40% और प्राइवेट बैंक में 0.83% की गिरावट रही। जबकि, FMCG सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.68% की तेजी देखने को मिली। इसके साथ ही कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 2.11%, मीडिया में 1.16% और IT सेक्टर में 0.68% की तेजी देखने को मिली।

### टैक्स बढ़ाने से मार्केट में निगेटिव सेंटिमेंट

चार्टर्ड अकाउंटेंट कार्तिक गुप्ता का कहना है कि कैपिटल गेन पर टैक्स बढ़ाने से मार्केट में एक निगेटिव सेंटिमेंट दिखा, जिससे बाजार में गिरावट आई। हालांकि, लंबे समय में ये सेंटिमेंट पॉजिटिव हो जाएगा क्योंकि इसका छोटे निवेशकों पर कुछ खास असर नहीं पड़ेगा।

### 22 जुलाई को बाजार ने फ्लैट कारोबार किया था

इससे पहले 22 जुलाई को शेयर बाजार में फ्लैट कारोबार देखने को मिला था। सेंसेक्स 102 अंक की गिरावट के साथ 80,502 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी में भी 21 अंक की गिरावट रही, ये 24,509 के स्तर पर बंद हुआ था।

### रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ 83.71 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर

**एजेंसी । मुंबई**

सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में पूंजीगत लाभ पर कर की दरें बढ़ाए जाने के बाद मंगलवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे गिरकर 83.71 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। बाजार सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा डॉलर में कमजोरी के रुख तथा कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण भी रुपये पर दबाव रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.64 प्रति डॉलर पर खुला। दिन में कारोबार के दौरान यह 83.61 के उच्चस्तर तक गया तथा 83.71 प्रति डॉलर के अबतक के दिन के कारोबार के सबसे निचले स्तर तक आया। अंत में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले यह 83.71 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे की गिरावट है।

# हिंदुस्तान यूनिलीवर का जून तिमाही में शुद्ध लाभ मामूली बढ़कर 2,612 करोड़ रुपए पर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) का चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 2.2 प्रतिशत बढ़कर 2,612 करोड़ रुपये हो गया। एचयूएल ने मंगलवार को अप्रैल-जून 2024 तिमाही के वित्तीय नतीजों की शेयर बाजार को जानकारी दी। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 2,556 करोड़ रुपये रहा था। आलोच्य तिमाही में कंपनी का बिक्री से प्राप्त राजस्व 1.68 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 15,497 करोड़ रुपये हो गया जबकि साल भर पहले की समान अवधि में यह 15,240 करोड़ रुपये था। बीती तिमाही में एचयूएल का कुल खर्च सालाना आधार पर 1.8 प्रतिशत बढ़कर 12,385 करोड़ रुपये हो गया।

# टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स, एयरबस ने भारत में एच125 हेलिकॉप्टर निर्माण संयंत्र के लिए किया समझौता

**एजेंसी । नई दिल्ली**

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और एयरबस हेलिकॉप्टर्स ने मंगलवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत भारत में एक इंजन वाले एच125 हेलिकॉप्टर के लिए अंतिम निर्माण श्रृंखला (एफएएल) की स्थापना की जाएगी। इसे देश के एयरोस्पेस क्षेत्र को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। यह समझौता भारत में निजी क्षेत्र के हेलिकॉप्टर निर्माण संयंत्र स्थापित करने का पहला उदाहरण होगा। यह भारत और पड़ोसी देशों के लिए एयरबस के सबसे अधिक बिकने वाले एच125 हेलिकॉप्टर का विनिर्माण करेगा। एयरबस और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने बयान में कहा कि दोनों पक्षों के बीच अनुबंध पर फर्नबोरो इंटरनेशनल एयरशो में हस्ताक्षर किए गए थे। एफएएल स्थापित करने की घोषणा 26 जनवरी को एयरबस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गुइलौमे फाउरी और टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने की थी।



# बजट में मदरबोर्ड पर आयात शुल्क पांच प्रतिशत बढ़ाने का प्रस्ताव

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सरकार ने घरेलू दूरसंचार उपकरण विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय बजट 2024-25 में मदरबोर्ड पर आयात शुल्क पांच प्रतिशत बढ़ाने का प्रस्ताव किया है। मदरबोर्ड को तकनीकी रूप से प्रिंटेड सर्किट बोर्ड कहा जाता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में बजट पेश करते हुए कहा, "घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए मैं निर्दिष्ट दूरसंचार उपकरणों के पीसीबीए (प्रिंटेड सर्किट बोर्ड असेंबली) पर बीसीडी (मूल सीमा शुल्क) को 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव करती हूं।" बजट में दूरसंचार पीसीबी असेंबली के लिए मूल सीमा शुल्क में वृद्धि के साथ-साथ संचार उपकरणों के विनिर्माण में उपयोग किए जाने वाले महत्वपूर्ण खनिजों को छूट देने का भी प्रस्ताव दिया गया है। वित्त मंत्री ने 25 खनिजों- लिथियम, तांबा, कोबाल्ट को सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट देने का प्रस्ताव किया है। ये खनिज परमाणु ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष, रक्षा, दूरसंचार और उच्च तकनीक वाले इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# असालांका श्रीलंका के नए टी-20 कप्तान, चांदीमल की वापसी

**27 जुलाई को भारत के खिलाफ शुरू होने वाली टी-20 सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम घोषित**



एजेंसी । पाल्लेकेले

चरित असालांका श्रीलंका के नए टी-20 कप्तान होंगे। वह वानिंदु हसरंगा की जगह लेंगे जिन्होंने पिछले महीने विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पद छोड़ दिया था। भारत के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए मंगलवार को चरित की अगुआई में श्रीलंका की 16 सदस्यीय टीम घोषित की। हसरंगा टीम में खिलाड़ी के रूप में खेलते रहेंगे। 34 वर्षीय दिनेश चांदीमल की करीब ढाई साल बाद फटाफट क्रिकेट के लिए टीम में वापसी हुई है। उन्होंने पिछले अंतरराष्ट्रीय टी-20 मुकाबला फरवरी 2022 में धर्मशाला में भारत के खिलाफ ही खेला था। वहीं चामिंदु विक्रमसिंघे को पहली बार टीम में जगह दी गई है। चरित ने इस साल की शुरूआत में बांग्लादेश दौरे पर भी दो टी-20 मैचों में श्रीलंका की कप्तानी की थी जब हसरंगा आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के कारण निलंबन झेल रहे थे।

**श्रीलंका टीम**

- चरित असालांका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल जनित परेरा, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस, दिनेश चांदीमल, कामिंदु मेंडिस, दासुन शनाका, वानिंदु हसरंगा, दुनिथ वेलालागे, महीश तीक्षणा, चामिंदु विक्रमसिंघे, मथीसा पथिराना, नुवान तुषारा, दुष्मंता चामीरा, बिनुरा फर्नांडो ।

## भारतीय टीम श्रीलंका पहुंची



**पाल्लेकेले।** नए मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ भारतीय टीम कोलंबो के रास्ते मंगलवार को यहां पहुंच गई जिसका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा, मुंबई से कोलंबो के रास्ते पाल्लेकेले। टीम इंडिया श्रीलंका पहुंची। 15 भारतीय टीम सहयोगी स्टाफ के साथ सोमवार को मुंबई से रवाना हुई थी। कोलंबो में कुछ देर रुकने के बाद टीम सीधे पाल्लेकेले पहुंच गई। भारत को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 और इतने ही वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है।



# ओलंपिक के बाद संन्यास लेंगे एंडी मरे

एजेंसी । पेरिस

दो बार ओलंपिक चैंपियन एंडी मरे पेरिस ओलंपिक के बाद टेनिस से संन्यास ले लेंगे। ब्रिटेन के 37 वर्षीय खिलाड़ी मरे ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया, अपने आखिरी टेनिस टूर्नामेंट के लिए पेरिस पहुंच गया हूं। ओलंपिक में टेनिस स्पर्धा रोलां गैरों पर शनिवार से शुरू होंगी। तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता मरे ने पहला स्वर्ण पदक 2012 लंदन ओलंपिक में ग्रास कोर्ट पर रोजर फेडरर को तीन सेटों में हराकर जीता था। इसके बाद 2016 में रियो डि जेनेरियो में हार्डकोर्ट पर जुआन मार्टिन डेल पोत्रो को हराकर खिताब का बचाव किया था। उन्होंने 2019 में कूल्हे की प्रत्यारोपण सर्जरी कराई थी।

## वोंड्रोसोवा और हुर्काज ने नाम वापस लिया

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मर्केटा वोंड्रोसोवा ने हाथ की चोट के कारण ओलंपिक से नाम वापस ले लिया। पोलैंड के हुबर्ट हुर्काज भी घुटने की चोट से कारण खेलों के महाकुंभ से हट गए। पिछले साल विम्बलडन जीतने वाली चेक गणराज्य की वोंड्रोसोवा इस महीने विम्बलडन से पहले दौर में बाहर हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर ओलंपिक से हटने की जानकारी देते हुए कहा कि उनका फोकस अगस्त में होने वाले यूएस ओपन पर है। ओलंपिक में टेनिस स्पर्धा के ड्रॉ गुरुवार को निकाले जाएंगे जबकि मैच शनिवार से शुरू होंगे।

# राहुल द्रविड बन सकते हैं राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच

एजेंसी । जयपुर

भारतीय क्रिकेट टीम को टी-20 विश्व कप 2024 का खिताब जिताकर मुख्य कोच का पद छोड़ने वाले राहुल द्रविड की इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) की टीम राजस्थान रॉयल्स (RR) में बतौर मुख्य कोच फिर से वापसी हो सकती है। RR प्रबंधन इस संबंध में उनसे बातचीत कर रहा है और जल्द ही इसकी घोषणा की जा सकती है। बता दें, द्रविड का RR पुराना नाता रहा है।

### रिपोर्ट में सामने आई यह बात

RR टीम प्रबंधन और द्रविड के बीच मुख्य कोच पद को लेकर बातचीत चल रही है और जल्द ही इसका ऐलान किया जा सकता है। इससे पहले उनके कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) से जुड़ने की खबरें आई थीं। बता दें कि द्रविड की कप्तानी में RR ने प्लेऑफ में जगह बनाने के साथ चैंपियंस लीग का फाइनल खेला था। इसी तरह साल 2014 और 2015 में वह टीम के मेंटर रहे थे।

## कैसा रहा है द्रविड़ का बतौर कोच कार्यकाल?

द्रविड साल 2015 में भारतीय अंडर-19 के कोच के रूप में BCCI से जुड़े थे। इसके बाद उन्होंने भारत-A टीम को भी कोचिंग दी। इसके बाद अक्टूबर 2021 में भारतीय टीम के मुख्य कोच बने थे। उन्होंने पारिवारिक जिम्मेदारियों के लिए टी-20 विश्व कप से पहले ही विश्व कप के बाद पद छोड़ने का ऐलान कर दिया था। ऐसे में वह अब साल में 2-3 महीने कोचिंग देने के उद्देश्य से RR से जुड़ने की योजना बना रहे हैं।

**भारत के सबसे सफल कोच हैं राहुल द्रविड**

द्रविड़ ने भारत के लिए 56 वनडे और 77 टी-20 में कोचिंग की, जिसमें 41 वनडे और 55 टी-20 में जीत मिली। 24 टेस्ट में टीम को 14 में जीत, 7 में हार मिली। उनकी कोचिंग में ही भारत ने टी-20 विश्व कप जीता है।



**मुंबई के मैदानों से**

# अंतिम चार में सिद्धांत रेवारी




देश की सर्वाधिक प्रतिष्ठित क्रिकेट संस्था मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए खड़े संजय नाईक द्वारा मेनफिस्टो जारी किया गया। इस अवसर पर पूर्व क्रिकेटर केणिया जयंतीलाल, एबे कुरुविला और जतिन परांजपे ने आशीष शेलार की उपस्थिति में संजय नाईक को सम्मानित किया।

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मेजबान बांबे जिमखाना के सिद्धांत रेवारी ने प्री-क्वार्टरफाइनल में राम महादु दरवड़ा को 11-8, 11-5, 11-8 से पराजित करके 47वें महाराष्ट्र राज्य ओपन अखिल भारतीय स्क्वैश प्रतियोगिता के बॉयज अंडर-19 वर्ग के अंतिम आठ में जगह बनाई। इसके अलावा विवान भाटिया ने रवी लाचका को 11-6, 11-5, 11-7 से, आदित्य चांदणी ने आशु एस. (चंडीगड) को 11-1, 11-6, 11-9 से, कुशाल वीर सिंह (चंडीगड) ने क्रिश कलकुटकी (महाराष्ट्र) को 11-1, 11-3, 11-4 से हराया और क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। महिलाओं के प्री-क्वार्टरफाइनल में अंजली सेमवाल (महाराष्ट्र) ने रुद्रा सिंह (महाराष्ट्र) को 11-7, 12-10, 6-11, 11-7 से, रीवा निंबाळकर (महाराष्ट्र) ने खुशी पुराणिक (दिल्ली) को 11-5, 11-3, 11-6 से, सचिका इंगळे (उत्तर प्रदेश) ने महक तलाटी (मध्य प्रदेश) को 11-1, 11-0, 11-3 से , आराध्या पोरवाल (दिल्ली) ने सुभद्रा नायर (केरल) को 11-2, 11-0, 11-1 से, बिजली दरवडा (महाराष्ट्र) ने महक गुप्ता (महाराष्ट्र) को 11-3, 11-6, 11-3 से सुनीता पटेल (महाराष्ट्र) ने ईशा श्रीवास्तव (महाराष्ट्र) 11-6, 11-4, 11-3 से मात दी और प्रतियोगिता में आगे कूच किया।

# पाकिस्तान ने यूएई को दस विकेट से धोया

दोपहर संवाददाता । दांबुला

पाकिस्तान ने मंगलवार को महिला टी-20 एशिया कप में यूएई को 35 गेंद रहते दस विकेट से करारी शिकस्त दी। पाक टूर्नामेंट के इतिहास में दस विकेट से जीत दर्ज करने वाली पहली टीम बनी। इस जीत से टीम ने अपने नेट रन रेट में सुधार के साथ सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। पाक गेंदबाजों ने पहले यूएई को आठ विकेट पर 103 रन पर रोक दिया। यूएई के लिए तीर्था सतीश ने 40, ईशा ने 16 और खुशी ने 12 रन का योगदान दिया। पाक के लिए सादिया, नशरा और तुबा ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में पाक ने लक्ष्य 14.1 ओवर में बिना विकेट खोए 107 रन बनाकर हासिल कर लिया।



# हरमनप्रीत और शेफाली संयुक्त 11वें स्थान पर पहुंचीं



दोपहर संवाददाता । दुबई

भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ने महिला टी-20 में बल्लेबाजों की रैंकिंग में पांचवां स्थान बरकरार रखा है। कप्तान हरमनप्रीत कौर एक और शेफाली वर्मा चार पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं। शीर्ष 20 में भारत के चार खिलाड़ी हैं। जेमिमा रोड्रिग्ज 19वें और रिचा घोष 24वें स्थान पर हैं। बेथ मूनी 769 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। गेंदबाजों की सूची में ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह नौवें स्थान पर हैं।

# एक कोरी प्रेम कथा' का ट्रेलर जारी

चिन्मय पुरोहित के निर्देशन में बन रही फिल्म 'एक कोरी प्रेम कथ' पिछले लंबे वक्त से चर्चा में है। इस फिल्म के जरिए छोटे पर्दे की अभिनेत्री खनक बुद्धिराजा बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। राज बब्बर, अक्षय ओबेरॉय और पूनम ढिल्लों जैसे दिग्गज कलाकार भी फिल्म में अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे।



अब निर्माताओं ने 'एक कोरी प्रेम कथ' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसकी कहानी कुकड़ी कुप्रथा के गंभीर मुद्दे पर आधारित है। ट्रेलर में एक गांव की महिलाओं को शादी से जुड़ी एक बेहद पुरानी कुप्रथा से आज भी जूझते हुए दिखाया गया है। इस प्रथा के खिलाफ एक लड़की आवाज उठाती है और यही फिल्म की कहानी है। फिल्म 'एक कोरी प्रेम कथ' सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि जियो सिनेमा पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म का प्रीमियर 25 जुलाई, 2024 से होगा। जियो सिनेमा ने ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, 'एक नई सोच और बुलंद हौसलों की है ये कहानी।'

# 'कंगुवा' का पहला गाना हुआ रिलीज



दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता सूर्या पिछले लंबे वक्त से अपनी आने वाली फिल्म 'कंगुवा' को सुर्खियों में बने हुए हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए अभिनेत्री दिशा पाटनी तमिल सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। फिल्म में बॉबी देओल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 23 जुलाई को सूर्या अपना 49वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर अभिनेता ने प्रशंसकों को खास तोहफा दिया है।

### 38 भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म

दरअसल, 'कंगुवा' का पहला गाना 'द फायर सॉन्ग' रिलीज हो गया है, जिसे बी प्राक और पवित्रा चारी ने मिलकर गाया है। इस गाने के बोल रकीब आलम ने लिखे हैं। फिल्म में सूर्या और बॉबी कभी नहीं देखे गए अवतार में नजर आएंगे। 'कंगुवा' इस साल दशहरा के खास मौके पर यानी 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना आलिया भट्ट की फिल्म 'जिगरा' से होगा।



# 'बिग बॉस ओटीटी 3' के निर्माताओं ने जारी किया बयान

'बिग बॉस OTT 3' अश्लील कंटेंट के कारण विवादों में घिर गया है। हाल ही में शिवसेना सचिव और प्रवक्ता विधायक डॉ. मनीषा कायंदे ने इस शो के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। दरअसल, 18 जुलाई को प्रसारित हुए एक एपिसोड में अरमान मलिक और कृतिका मलिक के कथित अंतरंग पलों में दिखाया गया, जिसके बाद से मामला गरमाया हुआ है। अब अरमान और कृतिका के वायरल वीडियो पर जियो सिनेमा ने आधिकारिक बयान जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जियो सिनेमा ने बयान जारी कर इन दावों का खंडन किया है। उन्होंने कहा, 'अरमान-कृतिका के इस वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है। जिसने भी ऐसा किया है, उसके खिलाफ एक्शन लेंगे। हमारे प्लेटफॉर्म पर जो भी शो स्ट्रीम किए जाते हैं वह हर एक कार्यक्रम की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए सही दिशा-निर्देश का पालन किया जाता है। हमारी टीम पता लगा रही है कि यह क्लिप कहां से लीक हुई है।'

# 'खेल खेल में' का मोशन पोस्टर जारी

अक्षय कुमार को इन दिनों फिल्म 'सरफिरा' में देखा जा रहा है। भले ही इस फिल्म में अक्षय की अदाकारी की खूब तारीफ हो रही हो, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। 'सरफिरा' की असफलता के बाद अब अक्षय आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।



'खेल खेल में' उनकी आने वाली चर्चित फिल्मों में शुमार है। अब निर्माताओं ने 'खेल खेल में' का मोशन पोस्टर जारी कर दिया है।

### 15 अगस्त, 2024 को रिलीज होगी फिल्म

सामने आए मोशन पोस्टर में अक्षय समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है। मुदस्सर अजीज ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। इस फिल्म में तापसी पन्नू, वाणी कपूर और फरदीन खान भी मुख्य भूमिका में होंगे। एमी विर्क, आदित्य सील, प्रज्ञा जायसवाल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।
'खेल खेल में' अब 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करने वाली है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना 'पुष्पाः द रूल', 'वेदा' और 'वेदा' से होगा।



# शुरू होगी 'किक 2' की शूटिंग

साल 2014 में रिलीज हुई सलमान खान की सुपरहिट फिल्म 'किक' को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। लगभग 140 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 402 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। साजिद नाडियाडवाला ने इस फिल्म का निर्देशन किया था। अब 'किक' के सीक्वल 'किक 2' का दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। ताजा खबर यह है कि 'किक 2' की स्क्रिप्ट तैयार हो चुकी है।

### फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग में व्यस्त हैं सलमान और साजिद

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'किक' की दूसरी किस्त की शूटिंग अगले साल के मध्य में शुरू हो जाएगी। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। बता दें कि सलमान और नाडियाडवाला मौजूदा वक्त में फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म की शूटिंग पूरी करने के बाद दोनों 'किक 2' की शूटिंग शुरू करेंगे। इस फिल्म को ईद, 2025 के मौके पर रिलीज किया जाएगा।

### 2014 में आई थी 'किक'

साजिद के निर्देशन में बनी 'किक' 25 जुलाई, 2014 को रिलीज हुई थी। डेविल के किरदार में नजर आए सलमान को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और बॉक्स ऑफिस पर भी यह अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रही थी।
फिल्म में सलमान के साथ जैकलीन फर्नांडिस की जोड़ी बनी थी। इनके अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी, रणदीप हुड्डा, मिथुन चक्रवर्ती, संजय मिश्रा, सौरभ शुक्ला, सुनील पाल, रजित कपूर भी फिल्म में अहम भूमिका निभाते नजर आए थे।

# रेल बजट

## रेल सुरक्षा पर फोकस

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2024-25 में रेल यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आरामदेय सफर की सौगत दी है। कुल 2.65 लाख करोड़ रुपए उक्त मद में खर्च किए जाएंगे। इनमें प्रमुख रूप से नई रेल लाइनें, उनके नवीनीकरण, दोहरणीकरण, रेल संरक्षा व रोलिंग स्टॉक (इंजन-कोच-वैगन) निर्माण शामिल हैं। देश भर के स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं, ट्रेन में सफाई व खानपान सेवा में सुधार के लिए भारी निवेश होगा। बजट में भारतीय रेलवे के लिए सकल राजस्व व्यय 2.78 लाख करोड़ रुपए रखा गया है। रेलवे दस्तावेजों के अनुसार 17,651.98 करोड़ रुपए ट्रैक मरम्मत व नवीनीकरण पर खर्च किए जांएगे। नई रेल लाइन बिछाने पर 34,602 करोड़ का निवेश होगा। रेल लाइनों के दोहरणीकरण पर 29312.19 करोड़ रुपए और अमान परिवर्तन पर 4719.50 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष में 1800 करोड़ रुपए, सीआरएस फंड में 11000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत कर ट्रैक को सुरक्षित और क्षमता विस्तार की व्यवस्था की गई है।




### कवच परियोजना को गति मिलेगी

बजट में सिग्नल और सेफ्टी पर 4874 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इससे यात्री ट्रेनों और मालगाड़ियों के ट्रैक से उतरने की घटनाओं में कमी आएगी। संरक्षा फंड से रेलवे में टक्करोधी तकनीक कवच परियोजना को गति मिलेगी।

### नए कोच तेजी से बनेंगे

रोलिंग स्टॉक विशेषकर कोच उत्पादन के लिए 40,313 करोड़ रुपए का प्रबंधन किया गया है। रेलवे आम यात्रियों के लिए स्लीपर-जनरल कोच वाली अमृत भारत ट्रेनें चलाएगा। इसके अलावा वंदे भारत स्लीपर, वंदे भारत मेट्रो ट्रेनों पर भी जोर दिया जाएगा।

### रिकॉर्ड 15 हजार करोड़ सुविधाओं के लिए

इस बार बजट में यात्री सुविधाओं के लिए रिकॉर्ड 15,000 करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया है। इससे रेलवे स्टेशनों पर पेयजल, शेड, रिटायरिंग रूम, वेटिंग हॉल सहित ट्रेनों में ऑनबोर्ड सफाई आदि का काम होगा।

### बेस किचन बनेंगे

खानपान सेवा में सुधार के लिए 590 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इसके तहत देश के प्रमुख रेलमार्गों पर आधुनिक बेस किचन बनाए जाएंगे।

# स्वास्थ्य बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं



कैंसर की तीन दवाओं को आयात शुल्क से छूट और बिहार में कुछ नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के ऐलान के अलावा स्वास्थ्य के बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए 90,958.63 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है जो पिछले साल की तुलना में 12.96 फीसदी ज्यादा है। अंतरिम बजट में भी यही आवंटन किया गया था। इस बार स्वास्थ्य के बजट में 70 साल के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा कवर दिए जाने की उम्मीद थी। क्योंकि यह भाजपा के घोषणा पत्र में भी शामिल है और राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में भी इस बात का जिक्र किया था। लेकिन अब लगता है कि इंतजार थोड़ा और लंबा हो सकता है।

### ये हैं तीन दवाएं

बजट में कैंसर की तीन दवाओं ट्रैस्टुजुमैब डेरक्सटेकन, ओसिमर्टिनिब और डुरवालुमैब पर आयात शुल्क में छूट दी गई है। ये महंगी दवाएं हैं। इसलिए इससे कैंसर मरीजों को राहत मिलेगी। ट्रैस्टुजुमैब डेरक्सटेकन स्तन कैंसर, ओसिमर्टिनिब फेफड़ों के और डुरवालुमैब पित्त नली के कैंसर के उपचार में इस्तेमाल होती है।

### केंद्रीय योजनाओं में भी आवंटन बढ़ा

केंद्र प्रायोजित योजनाओं में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए बजट आवंटन 2023-24 में 31,550 .87 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 2024-25 में 36,000 करोड़ रुपए और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के लिए 6,800 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 7,300 करोड़ रुपए कर दिया गया है। राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए बजट आवंटन 65 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 90 करोड़ रुपए कर दिया गया है। इसके तहत मानसिक रोगियों की काउंसलिंग की जाती है। राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन के लिए आवंटन पहले की तरह 200 करोड़ रुपए ही है।

### स्वायत्त निकायों के लिए आवंटन

बजट में स्वायत्त निकायों के लिए बजट आवंटन 2023-2024 में 17,250 .90 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 2024-25 में 18,013 .62 करोड़ रुपए कर दिया गया है। इन निकायों में दिल्ली एम्स के लिए आवंटन 4,278 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 4,523 करोड़ रुपए कर दिया गया है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के लिए आवंटन 2295 .12 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 2,732 .13 करोड़ रुपए कर दिया गया है। आयुष मंत्रालय के लिए बजट आवंटन को 3,000 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 3,712 .49 करोड़ रुपए किया गया है। इस मंत्रालय के तहत देशी चिकित्सा पद्धतियों से जुड़े उपचार आते हैं




# लोकसभा चुनाव में झटका लगा, असर बजट पर

- नीतीश-नायडू को 74 हजार करोड़
- कांग्रेस मैनिफेस्टो से मिलती-जुलती पेड इंटर्नशिप का ऐलान

मोदी 3.0 के पहले बजट में 2024 चुनाव में मिले झटके का असर दिख रहा है। बहुमत से 32 सीटें पीछे रह गई बीजेपी ने नीतीश कुमार की **JDU** और चंद्रबाबू नायडू की **TDP** के साथ मिलकर सरकार बनाई। बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए 74 हजार करोड़ रुपए का ऐलान किया है। इसके अलावा कांग्रेस मैनिफेस्टो में शामिल अप्रेंटिसशिप से मिलती जुलती पेड इंटर्नशिप स्कीम भी लॉन्च की गई है...

### 1. नीतीश कुमार का दबाव : बिहार को 58,900 करोड़ रुपए का ऐलान

- बिहार में कई सड़क परियोजनाओं के लिए 26,000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। पटना-पूर्णिया, बक्सर-भागलपुर को जोड़ने वाले एक्सप्रेसवे और बोधगया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा को जोड़ने वाले एक्सप्रेस-वे बनाने की घोषणा की गई।
- बिहार के पीरपैंती में 21,400 करोड़ रुपए की लागत से 2400 मेगावाट का पावर प्रोजेक्ट लगाया जाएगा।
- बाढ़ से निपटने और राहत के लिए 11,500 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।
- बिहार के महाबोधि मंदिर और विष्णुपद मंदिर को काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।
- हिंदू, जैन और बौद्ध लोगों के तीर्थस्थल माने जाने वाले राजगीर को भी ग्लोबल टूरिज्म डेस्टिनेशन के तौर पर डेवेलप किया जाएगा।
- नालंदा विश्वविद्यालय को टूरिज्म सेंटर की तरह विकसित किया जाएगा।
- बिहार में नए मेडिकल कॉलेज और एयरपोर्ट्स बनाए जाएंगे।
- बिहार में स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित किया जाएगा। गंगा नदी पर दो नए पुल बनाए जाएंगे।
- अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर पर बिहार के गया में औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया जाएगा।

### 2. चंद्रबाबू नायडू का दबाव : आंध्र प्रदेश को 15,000 करोड़ देने का ऐलान

- आंध्र प्रदेश को मदद के लिए 15,000 करोड़ रुपए आवंटित किए जाएंगे।
- आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम (आंध्र प्रदेश रीऑर्गनाइजेशन एक्ट) के तहत चिंताओं के निवारण में तेजी लाई जाएगी। इसके तहत फंड पानी, बिजली, रेलवे, सड़क जैसे अहम इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए जारी किया जाएगा।
- आंध्र प्रदेश की पोलावरम सिंचाई परियोजना को पूरा करने के लिए वित्तीय मदद दी जाएगी। आंध्र प्रदेश के पिछड़े इलाकों के लिए भी एक्ट के तहत रकम मुहैया कराई जाएगी।

### 3. कांग्रेस मैनिफेस्टो की झलक : हर साल 20 लाख युवाओं को इंटर्नशिप, 5 हजार महीना देंगे

- वित्त मंत्री ने ऐलान किया कि सरकार अगले 5 साल में 1 करोड़ युवाओं को टॉप 500 कंपनियों में इंटर्नशिप देगी। इस दौरान उन्हें 5 हजार रुपए हर महीने स्टाइपेंड मिलेगा। 1 हजार इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स अपग्रेड किए जाएंगे। हर साल 25 हजार स्टूडेंट्स को स्किलिंग लोन का फायदा दिया जाएगा। इसके अलावा, स्कीम A के तहत, सरकार सभी फॉर्मल सेक्टर्स में पहली बार नौकरी पाने वाले युवाओं को तीन किश्तों में 15 हजार रुपए देगी। इससे अनुमानित 2 .1 करोड़ युवाओं को फायदा होगा।
- स्कीम B के तहत, पहली बार नौकरी पाने वालों को पहले 4 साल तक EPFO (एम्प्लॉई प्रोविडेंट फंड) के जरिए एम्प्लॉई लिंक्ड इंसेंटिव मिलेगा। यह इन्सेंटिव नौकरी पाने वाले युवाओं और कंपनियों दोनों को मिलेगा। अभी तक मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में प्रोडक्ट-लिंक्ड स्कीम के तहत प्रोडक्शन बढ़ाने पर सरकार कंपनियों को इंसेंटिव देती है। इससे 30 लाख युवाओं को फायदा होने का अनुमान है।
- स्कीम C के तहत नई नौकरी पाने वाले युवाओं को सरकार EPFO (एम्प्लॉई प्रोविडेंट फंड) के जरिए 2 साल तक हर महीने 3000 रुपए देगी। सरकार का कहना है कि इससे 50 लाख नई नौकरियां पैदा होंगी।

## स्पेस इकॉनमी को 1000 करोड़ रुपए का बूस्टर

अपने सातवें बजट में सीतारमण ने स्पेस इकॉनमी के लिए एक हजार करोड़ रुपए के बूस्टर का ऐलान किया. यानी अंतरिक्ष संबंधी स्टडी और मिशन आदि के लिए केंद्र सरकार की तरफ से 1000 करोड़ रुपए की धनराशि दी जाएगी. निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस आर्थिक मदद से अगले दस सालों में भारत की स्पेस इकॉनमी को पांच गुना बनाने की कोशिश है. इस महत्वपूर्ण निवेश का उद्देश्य क्षेत्र में नए स्टार्टअप और रिसर्च के इनीशिएटिव को समर्थन देकर अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में विकास को गति देना है.

### क्या होती है स्पेस इकॉनमी?

स्पेस इकॉनमी उन तमाम गतिविधियों और संसाधनों का इस्तेमाल है जो अंतरिक्ष की खोज, शोध, समझ, प्रबंधन और उपयोग के दौरान इंसानों को फायद पहुंचाती है. इसमें वैज्ञानिक मिशन के लिए सैटेलाइट बनाने के अलावा स्पेस टूरिज्म भी आता है. सैटेलाइट कम्युनिकेशन सिस्टम से संबंधित बुनियादी ढांचा और सेवाएं जो वैश्विक कनेक्टिविटी, प्रसारण और डेटा ट्रांसफर की सुविधा देते हैं, ये सब स्पेस इकॉनमी में गिने जाते हैं.

# आर्थिक विकास के साथ ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता

- 68,769 करोड़ का बजट आवंटित
- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को बढ़ावा
- परमाणु ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निजी साझेदारी बढ़ेगी



आर्थिक विकास के साथ सरकार ने ऊर्जा सुरक्षा को भी अपनी प्राथमिकता में रखा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अभी तक पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 1.28 करोड़ पंजीकरण हुए है और 14 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन्हें आगे और प्रोत्साहित किया जाएगा। ऊर्जा क्षेत्र में सरकार ने इस वित्त वर्ष के लिए 68,769 करोड़ का बजट आवंटित किया है। सीतारमण ने कहा कि परमाणु ऊर्जा, विकसित भारत के ऊर्जा मिश्रण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। इसी माध्यम से ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत लघु रिएक्टरों की स्थापना, स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्ट के अनुसंधान और विकास, परमाणु ऊर्जा के लिए नई प्रौद्योगिकी के अनुसंधान और विकास के लिए निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी करेगा। अंतरिम बजट में घोषित अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) कोष इस क्षेत्र के लिए भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### ऊर्जा बदलाव पर दस्तावेज

सीतारमण ने कहा कि सरकार ऊर्जा बदलाव पर एक दस्तावेज लेकर आएगी। लगातार ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए पंप भंडारण परियोजनाओं को समर्थन देने के लिए एक नीति लाई जाएगी।

### वाणिज्यिक संयंत्र स्थापित होगा

सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी और बीएचईएल के संयुक्त उद्यम एयूएससी प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके 800 मेगावाट का वाणिज्यिक संयंत्र स्थापित करेंगे। इन सभी के साथ ऊर्जा दक्षता लक्ष्य से उत्सर्जन लक्ष्य तक ले जाने के लिए एक रोडमैप भी तैयार किया जाएगा। तांबा और सेरामिक क्लस्टर की 60 पारंपरिक सूक्ष्म एवं लघु उद्योग की निवेश-ग्रेड (ऊर्जा) को लेखा-परीक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### बिहार में 2,400 मेगावाट का संयंत्र

वित्त मंत्री ने कहा है कि सरकार 60 संकुल में सूक्ष्म और लघु उद्योगों के निवेश स्तर के ऊर्जा ऑडिट की सुविधा प्रदान करेगी। इसके अलावा सरकार 21,400 करोड़ रुपए की लागत से बिहार के पीरपैंती में 2,400 मेगावाट बिजली संयंत्र सहित बिजली परियोजनाओं की स्थापना भी करेगी।

## जनगणना के लिए केवल 1,309.46 करोड़ आवंटित

वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में मंगलवार को जनगणना के लिए 1,309.46 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह 2021-22 की तुलना में काफी कम है। उस समय दशक में एक बार होने वाले इस कार्य के लिए 3,768 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। केंद्रीय मंत्रिमंडल की 24 दिसंबर, 2019 को हुई बैठक में 8,754.23 करोड़ रुपए की लागत से भारत की 2021 की जनगणना कराने और 3,941.35 करोड़ रुपए की लागत से राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को अद्यतन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी।

### शहरी विकास

- 30 लाख से अधिक आबादी वाले 14 बड़े शहरों पर फोकस
- 22 खरब रुपए से अगले पांच सालों में शहरी आवास

### ग्रामीण विकास

- 11.11 लाख करोड़ रुपए बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए
- 2.66 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान ग्रामीण विकास के लिए

## सामाजिक न्याय विभाग को 13,539 करोड़ रुपए आवंटित

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को 2024-25 के बजट में 13,539 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जो 2023-2024 के संशोधित अनुमान 9,853.32 करोड़ रुपए से 37 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने दोहराया है कि वह किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बजट में वृद्धि मुख्य रूप से हाशिये पर के समुदायों के लिए कल्याण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने और सामाजिक सेवाओं के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार पर केंद्रित है। वित्त पोषण के प्रमुख क्षेत्रों में 'अनुसूचित जातियों के विकास के लिए अम्ब्रेला योजना के वास्ते 9,549.98 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान शामिल है, जो पिछले वित्त वर्ष में आवंटित 6,780 करोड़ रुपए की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि को परिलक्षित करता है।

## बिना ब्याज के 50 वर्ष की अवधि का ऋण

सरकार ने देश के सतत उच्च विकास के लक्ष्य को ध्यान में रखकर अगली पीढ़ी के लिए सुधार लक्ष्यों को भी निर्धारित करने का भी ऐलान किया है। इसके लिए केंद्र सरकार राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करेगी। 50 वर्ष की अवधि का ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा गया है, जिसके जरिए केंद्र और राज्य सरकार उत्पाद से जुड़ी समस्याओं को दूर कर सुधार करेगी। बाजार में कुशल श्रमिक तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसी तरह से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में भूमि सुधार का कार्य किया जाएगा। उनकी संपत्ति के सारे रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया किया जाएगा। इसी तरह से श्रम संबंधी सुधारों के तहत ई-श्रम पोर्टल का अन्य पोर्टलों के साथ एकीकरण किया जाएगा, जिससे श्रमिकों की समस्याएं का समाधान एक जगह पर हो सकेगा। श्रम सुविधा और समाधान पोर्टल का नवीनीकरण किया जाएगा।

## सड़क, बिजली, पानी को लेकर काम कर रही सरकार



देश में लोगों के लिए सड़क, बिजली, पानी जैसे मुख्य जरूरत को बेहतर करने को लेकर सरकार काम कर रही है। सरकार बाढ़ से लेकर सिंचाई और भूस्खलन जैसी चुनौतियों से निपटने का भी काम कर रही है। इसके तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का चौथा चरण शुरू किया जाएगा। बजट में कहा गया है कि 25,000 आबादी के ग्रामीण बसावट वाले क्षेत्रों के लिए ऑल वेदर रोड ( बारहमासी सड़क) संपर्क बनाने का काम किया जाएगा। इसी तरह से बिहार में आने वाली बाढ़ से निपटने के लिए 11,500 करोड़ रुपए का इंतजाम किया गया है। असम को भी ब्रह्मपुत्र नदी से आने वाली बाढ़ से निपटने में सहायता मुहैया कराई जाएगी। बाढ़ के बाद हिमाचल को पुनर्विकास और उत्तराखंड को बादल फटने और भूस्खलन से हुए नुकसान की भरपाई और पुनर्विकास के लिए सहायता दी जाएगी। इन्हीं के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने और रोजगार और निवेश के अवसर पैदा करने के लिए काशी-विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर मॉडल की तर्ज पर बिहार में विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर और महाबोधि मंदिर कॉरिडोर का समग्र विकास किया जाएगा। नालंदा विश्वविद्यालय को पर्यटन केंद्र के तौर पर विकसित किया जाएगा। ओडिशा में दर्शनीय सौंदर्य मंदिर, स्मारक, शिल्प, वन्य जीव अभ्यारण्य और समुद्र तट को पर्यटन के तौर पर विकसित किया जाएगा।